## एक नजर

### दुकानों में घरेलू सिलेंडर का प्रयोग, अनहोनी होने पर नहीं मिलेगा मुआवजा

**बरेली, अमृत विचार :** होली आ रही है। घरों में गैस की खपत बढ़ेगी लेकिन इस खपत को पूरा करने में तेल कंपनियां भले ही कों दावा करें लेकिन अभी से गैस सिलेंडरों की कमी होने की चर्चा होने लगी है। इसका कारण कामर्शियल जगहों पर भी घरेलू गैस का उपयोग होना है। होटल रेस्टोरेट, ठेले, फुटपाथ पर लगी खानपान की दुकानों में कामर्शियल गैस की जगह घरेलू गैस के सिलैंडरों का कामर्शियल उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। इसे रोकने के लिए न तो तेल कंपनियों के अफसर आगे आ रहे हैं और न ही जिला पूर्ति अधिकारी की टीम। घरेलू गैस का कामर्शियल उपयोग करते समय यदि कोई अनहोनी होती है तो संबधित पीडित को इसका मुआवजा नहीं मिलेगा और किसी के बहकावे में आकर यदि उसने मुआवजा पाने की कार्यवाही शुरु की तो उसे यह सिद्ध करना होगा कि वह घरेलू गैस का उपयोग नहीं कर रहा था।

### कुतुबखाना पुल तैयार बंद हो सकता है जिला अस्पताल तक आने वाला वैकल्पिक मार्ग

**बरेली, अमृत विचार :** कुतुबखाना पुल बनकर तैयार हो गया है। जिला अस्पताल तक जाने वाला वैकल्पिक मार्ग बंद किया जा सकता है। हालांकि, पुल बनने के बाद भी अस्पताल रोड पर अतिक्रमण परेशानी का सबब बना हुआ है। एक साल पहले पुल का निर्माण शुरू हुआ था। इस दौरान मरीजों को आने जाने में परेशानी हो रही थी। इस पर तत्कालीन कमिश्नर संयुक्ता समद्दार के आदेश पर अस्पताल रोड पार स्थित भवन के पास बने कर्मचारी आवासों की दीवार तोड़कर जिला पंचायत रोड की ओर से वैकल्पिक मार्ग बनाया गया था। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि अब पटेल चौक से अस्पताल तक आने वाले मार्ग को पूर्व से ही खोल दिया गया है। कमिश्नर से अनुमति मिलने के बाद ही मार्ग बंद करने का निर्णय लिया जाएगा। वहीं, अफसरों का कहना है कि अस्पताल के आसपास से अतिक्रमण हटवाने के लिए कमिश्नर के सामने प्रस्ताव रखा जाएगा।

# डीडीपुरम : नगर निगम के अफसरों की मर्जी के बगैर हो गए हैं यहां अवैध कब्जे, ये मत मान लेना

## नाले-नालियों को बंद करके बना लिए गए रेस्टोरेंट, फुटपाथों पर भी चल रही हैं दुकानों, सड़कों पर भर रहा है पानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बीडीए की ओर से विकसित किया गया शहर का एकमात्र व्यावसायिक इलाका डीडीपुरम अवैध कब्जों की मार झेल रहा है। कहीं नाले या नाली को बंद करके ऊपर रेस्टोरेंट बना लिया गया है तो कहीं फुटपाथ पर कब्जा करके दुकान चलाई जा रही है। निकासी का रास्ता बंद हो जाने की वजह से पानी सड़क पर भर रहा है, जिस वजह से नगर निगम में ऐसे मामलों ढेर शिकायतें हैं लेकिन फिर भी ये अवैध कब्जे हटाने की फिक्र किसी को नहीं है। नालों की सफाई का दावा भी इन्हें हटाए बगैर ही कर दिया जाता है। यानी यह मानने का कोई कारण नहीं है कि ये अवैध कब्जे नगर निगम के अफसरों की मर्जी के बगैर हो गए हैं।

शहर का कोई अंदरूनी इलाका हो या पॉश एरिया, नाले और नालियों पर अतिक्रमण हर जगह है। कब्जा करने वालों ने पानी की निकासी भी बंद कर दी है। बीडीए की ओर से विकसित किया गया शहर के एकमात्र व्यावसायिक इलाके डीडीपुरम में भी नाले-नालियों पर अतिक्रमण की अनदेखी की जा रही है। बीडीए दफ्तर से मंडी की ओर जाने वाले रास्ते पर एक सिरे से फुटपाथ पर अवैध कब्जे कर लिए गए हैं। अवध होटल के सामने फुटपाथ पर एक रेस्टारेंट ने अपना काउंटर नाले के ऊपर लगा रखा है। नगर निगम ने कई अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाए, लेकिन इस रेस्टोरेंट का काउंटर नहीं हट पाया।

अतिक्रमणकारियों के ऐसे ही हौसलों की एक और तस्वीर सड़क के दूसरी ओर दिखती है जहां एक रेस्टोरेंट मालिक ने फुटपाथ पर अपनी भट्ठी लगा रखी है और नाली को भी बंद कर दिया है। इस चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल की लाइट रेड होने के बाद वाहन रुकते हैं तो बगल ही में भट्ठी दहक रही होती है। जाहिर है कि हादसे का खतरा भी बना रहता है। इसी रेस्टोरेंट के बगल में एक बेकरी मालिक ने भी अपने ग्राहकों के बैठने का इंतजाम फुटपाथ पर कर रखा है। यहां भी नाली बंद कर दी गई है। एकतानगर के लोगों के लिए सड़क पर खुले शापिंग कॉम्लेक्स, रेस्टोरेंट, होटल, चाट बाजार इसलिए भी सिरदर्द बने हुए हैं क्योंकि यहां आने वाले ग्राहक उनके घरों के आगे अपने वाहन खड़े करके चले जाते हैं। इस वजह से कई बार उनका अपने घर से निकलना तक दुश्वार हो जाता है। इलाके के लोगों का आरोप है कि ये अतिक्रमण नगर निगम के लोगों के ही कराए गए हैं। इसी वजह से वे शिकायतों की भी परवाह नहीं करते।



बीडीए कार्यालय के पास फुटपाथ और नाले पर अतिक्रमण कर खोला रेस्टोरेंट। ● अमृत विचार



डीडीपुरम चौराहे पर नाले पर अतिक्रमण कर रखा दुकान का सामान। ● अमृत विचार

### एकतानगर रोड सीएम ग्रिड में, फिर भी कब्जे

एकता नगर चौराहे से स्टेडियम रोड जाने वाली सड़क सीएम ग्रिड में चुनी गई है। फिर भी यह रास्ता अवैध कब्जों से नहीं बचा है। सभी नाले-नालियों को बंद करके रेस्टोरेंट, चाय की दुकानें और चाट बाजार समेत खानपान की तमाम दुकानें चलाई जा रही हैं। बीडीए ने जब डीडीपुरम विकसित किया गया था तो हर सड़क पर नालियां बनाई थीं लेकिन अब नालियां गायब हो गई हैं। रेस्टोरेंट से निकला चिकनाईयुक्त पानी कहां जा रहा है, यह भी किसी को खबर नहीं है। नालियों का पानी सड़क पर भरा रहता है।



डीडीपुरम चौराहा पर रेस्टोरेंट के आगे कब्जे से हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

### कई जगह सड़कों पर भर गया नाली का पानी

नालों और नालियों पर कब्जों से डीडीपुरम का हाल खराब होने लगा है। कई जगह पानी की निकासी बंद हो जाने से सड़कों पर जलभराव हो गया है। इससे लोगों को आवाजाही में भी दिक्कत हो रही है। नगर निगम में इसकी शिकायतें की गई हैं लेकिन जलभराव की शिकायतों पर भी अफसरों ने कोई कार्रवाई करने की सुध नहीं ली है।



एकता नगर रोड पर भी हो रखे हैं कब्जे। ● अमृत विचार

# खत्म हुआ जमीन का झंझट...डोहरा में ही बनेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● जमीन की समस्या दूर होने से उपकेंद्र के निर्माण को तैयार हुई कार्यदायी संस्था

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर के डोहरा में स्वास्थ्य उपकेंद्र जल्द बनेगा। जमीन का झंझट खत्म होने और ऊबड़-खाबड़ जमीन को मिट्टी डालकर समतल करने के बाद कार्यदायी संस्था निर्माण के लिए तैयार हो गई है। जल्द ही जमीन को राजस्व से स्वास्थ्य विभाग के नाम परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस उपकेंद्र के बनने से करीब 10 हजार आबादी को इसका लाभ मिलेगा।

दरअसल, पांच हजार की आबादी वाले क्षेत्र में भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने का प्रावधान है। बिथरी चैनपुर के डोहरा और इसके आसपास करीब आठ से दस हजार आबादी ऐसी है, जिसे इलाज के लिए काफी दूर सीएचसी जाना पड़ता है। इसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग ने डोहरा में ही स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने का निर्णय लिया था, लेकिन जिस सरकारी जमीन पर उपकेंद्र बनना प्रस्तावित हुआ था, वहां पर दो से तीन मीटर गहरे गड्ढे होने की वजह से कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण एजेंसी ने हाथ खड़े कर दिए थे। काफी समय से निर्माण कार्य लटका हुआ था। इसको लेकर पिछले दिनों सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर डोहरा में उपकेंद्र बनाने में आ रही जमीन की समस्या से अवगत कराते हुए बताया था कि सदर तहसील में गाटा संख्या 406 की जमीन खाली पड़ी है, मगर निर्माण एजेंसी कार्य करने को तैयार नहीं है। जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद डोहरा में ही मिट्टी से गहरे गड्ढों की पटाई कर दी गई है। इसके बाद निर्माण एजेंसी उपकेंद्र का निर्माण करने के लिए अब तैयार हो गई है।

> जमीन की समस्या दूर होने से डोहरा में ही स्वास्थ्य उपकेंद्र बनना फाइनल हो गया है। शासन से बजट की स्वीकृति हो गई है। राजस्व विभाग से स्वास्थ्य विभाग के नाम भू परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्माण के लिए छह माह का समय है।
>
> **- डॉ. विश्राम सिंह,** सीएमओ

# रहपुरा चौधरी बिजली उपकेंद्र की जमीन पर कब्जा कर लगाए सोलर पैनल

**बरेली, अमृत विचार :** रहपुरा चौधरी में निर्माणाधीन बिजली उपकेंद्र की जमीन पर अवैध कब्जा कर सोलर पैनल लगा लिए गए हैं। एडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने मामले में संज्ञान लेकर सीओ तृतीय और तहसीलदार सदर को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने इस कब्जे को हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना भी बताया है।

एसडीएम के पत्र के मुताबिक 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र रहपुरा चौधरी के भवन पर कब्जा करने वाले व्यक्ति ने नए निर्माण के अलावा पहली मंजिल पर सोलर पैनल लगवा लिए हैं। उपकेंद्र आउटडोर वार्ड के लिए आवंटित भूमि के पास कार धुलाई का निर्माण करा रहा है। इस जमीन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का स्थगन आदेश है। मामले में अधिशासी अधिशासी अभियंता ने इज्जतनगर निवासी कब्जा करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाने की गुजारिश की है।

# दोहना टोल प्लाजा पर जाम बरकरार पीएनसी ने सीडीओ की भी नहीं सुनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नैनीताल रोड के दोहना टोल प्लाजा पर पीएनसी की मनमानी से रोज जाम लगने की समस्या जिला उद्योग बंधु की बैठक में शिकायत के बाद भी हल नहीं हुई। इस टोल प्लाजा को चलाने वाली एजेंसी पीएनसी पांच में से सिर्फ दो लेन का ही इस्तेमाल कर रही है। पिछले दिनों उद्यमियों की शिकायत के बाद सीडीओ ने पीएनसी के जीएम से एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) की कॉपी मांगी थी लेकिन उधर से अब तक कोई जवाब नहीं आया है।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में शिकायत की गई थी कि दोहना टोल प्लाजा पर टोल कलेक्शन के लिए एक दिशा में पांच लेन हैं। इनमें से कभी दो तो कभी तीन लेन ही ट्रैफिक के लिए खुली रखी जाती हैं। इस वजह से सुबह और शाम के वक्त जब ट्रैफिक का लोड बढ़ता है तो जाम लगने लगता है। सिर्फ दो लेन खुली होने की स्थिति में कारों की लेन से ट्रकों को भी गुजारा जाता है। इससे दिक्कत और बढ़ जाती है। पीएनसी ने टोल पर अप्रशिक्षित कर्मचारियों को भी तैनात कर रखा है जो हालात बिगड़ते हैं तो उन्हें संभाल नहीं पाते। उद्यमियों की शिकायत पर सीडीओ ने पीएनसी के जीएम विवेक को एसओपी की हस्ताक्षरित कॉपी देने का निर्देश दिया था ताकि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके लेकिन अब तक न एसओपी की कॉपी भेजी गई है न जाम की समस्या का कोई हल निकाला गया है।



दोहना टोल प्लाजा पर लगा जाम। ● अमृत विचार

● पांच के बजाय दो लेन पर ही ट्रैफिक गुजारने से अटक-अटककर गुजरते हैं वाहन

● उद्यमियों की शिकायत पर सीडीओ ने मांगी एसओपी, कोई जवाब नहीं आया

### अफसरों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का हल न होने से उद्यमी मायूस

भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष अजय शुक्ला का कहना है कि पीएनसी के अधिकारी पूरी तरह बेलगाम हैं। अफसरों से शिकायत करने के बाद भी समस्या हल नहीं हो रही है। उद्यमी सुरेंद्र सिंह का कहना है दोहना टोल प्लाजा रोज सुबह-शाम जाम लगता है। टोल प्लाजा का सिस्टम भी पुराना होने की वजह से टोल कलेक्शन में ज्यादा समय बर्बाद होता है। उद्यमी लाखन सिंह ने कहा कि उद्योग बंधु की बैठक में शिकायत के बाद उम्मीद कि इस मनमानी पर रोक लगेगी लेकिन इसके बावजूद कोई बदलाव नहीं हुई। सेटेलाइट अड्डे के पास रहने वाले अजय मिश्रा ने बताया कि एजेंसी टोल पर जरूरत से कम स्टाफ रखकर अपना खर्च बचा रही है लेकिन मुसीबत आम लोगों को झेलनी पड़ रही है।

# बारिश और ओलों ने ढाया कहर, गेहूं को भारी नुकसान

## देर रात हुई तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में भी भरा पानी, गिरा पारा, आज भी रहेंगे बादल फिर मौसम साफ

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश के साथ ओले गिरने से पूरे जिले में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बिछ जाने का असर उत्पादन पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

शुक्रवार रात से शुरू हुई बारिश रविवार शाम तक रुक-रुक होती रही। रविवार सुबह तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे, जिससे दिन के तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ गई। जिले में 24 घंटे में 11 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा आंवला में 20 मिमी और शहर, नवाबगंज और बहेड़ी में 10-10 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। सोमवार को बादल छाए रहने के बाद मौसम साफ हो जाएगा और फिर अगले सप्ताह से तापमान बढ़ने से गर्मी का अहसास होगा। अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री कम 21.1 और न्यूनतम तापमान तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी से 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में सामान्य 1.2 मिमी से 743 प्रतिशत बारिश अधिक रिकार्ड की गई। वहीं इस साल 1 जनवरी से 3 मार्च तक सामान्य 3.2 से 224 प्रतिशत अधिक बारिश रिकार्ड की गई। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह में मौसम साफ रहेगा।



सेंथल के एक खेत में ओलों की मार से बर्बाद हुई गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### किसानों की मेहनत पर बरसे ओले

**बरेली, अमृत विचार :** शनिवार के बाद रविवार को भी बारिश के साथ ओले गिरने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और उनमें चिंता का माहौल है। ओले गिरने से जिले के कई इलाकों में गेहूं की फसल खेतों में गिर गई। दिन में तो किसान परेशान थे ही रात में तेज बारिश होने से किसानों की चिंता और अधिक बढ़ गई। जो फसल बच गई थी, वह भी खेतों में बिछ गई। बारिश और ओले से सरसों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। आलू के खेतों में भी पानी भर गया। जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी के मुताबिक ओले गिरने से सरसों की बालियां झड़ गई हैं तो वहीं गेहूं की बालियों खराब हो सकती हैं। इससे फसल उत्पादन पर भी प्रभाव पड़ेगा। पानी भरने से आलू की फसल सड़ने का खतरा है। गेहूं की फसल में अब उत्पादन कम होगा।



# दंगल फिल्म देखकर जागा था चाव, गीता अब बरेली की पहली एमएमए फाइटर

## सीनियर वर्ग की खिलाड़ी मिक्स्ड मार्शल आर्ट में कई खिताब कर चुकी हैं अपने नाम

शिवांग पांडेय, बरेली

**अमृत विचार :** अभिनेता आमिर खान की दंगल फिल्म बीडीए कॉलोनी में रहने वाली 32 साल की गीता अर्याल के जीवन में ऐसा बदलाव लेकर आई कि अब लोग गीता को रिंग में लड़ते हुए देखकर उनके हौसले को सलाम करते हैं। गीता बरेली की पहली महिला मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) फाइटर हैं। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में न सिर्फ प्रतिभाग किया, बल्कि उन्हें जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।

गीता वर्तमान में मिक्स्ड मार्शल आर्ट के फ्लाई ग्रुप (सीनियर वर्ग) की खिलाड़ी हैं। उनके पिता ईश्वर शरण अर्याल और मां शारदा अर्याल ने बताया कि गीता दंगल फिल्म देखकर काफी प्रभावित हुईं और एमएमए फाइटर बनने का निर्णय लिया। गीता ने शुरुआती प्रशिक्षण के लिए इंटरनेट का सहारा लिया तो उन्हें एमएमए के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने एमएमए के विशेषज्ञ दीपक भास्कर से इस खेल को सिखाने का अनुरोध किया। गीता ने परिवार को विश्वास दिलाया कि वह इसमें अपना करियर बना सकती हैं। परिजनों ने उनका साथ दिया।

**इन प्रतियोगिताओं में जीते पदक :** गीता भोपाल में हुई राज्य स्तरीय एमेच्योर एमएमए इंडिया ओपन में स्वर्ण, छठवीं एमएमए इंडिया नेशनल लखनऊ में कांस्य, डोमिनेशन फाइट लीग में दो स्वर्ण जीत चुकी हैं। वह एमएए कंटेनडर्स रनरअप समेत अन्य मुकाबले में भाग ले चुकी हैं। वर्तमान में वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खुद को तैयार कर रही हैं। वह बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से बीपीएड और एमपीएड कर चुकी हैं।

### देश में भी बढ़ रहा मार्शल आर्ट का क्रेज

मार्शल आर्ट प्रशिक्षक दीपक भास्कर बताते हैं कि एमएमए प्रशिक्षण में प्रशिक्षुओं को रेडी टू फाइट तैयार किया जाता है। दुनिया भर में लोकप्रिय एमएमए को जापान जैसे देशों में बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें विभिन्न युद्ध शैलियों के प्रतियोगियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जाता है। उत्तरी अमेरिका और दुनिया के कई हिस्सों में यह काफी लोकप्रिय है। अब भारत में भी इसका क्रेज बढ़ रहा है।

### लड़कों के साथ अभ्यास करती हैं गीता

गीता बताती हैं कि स्कूल खत्म करने के बाद मैं खेलों में शामिल होना चाहती थी, लेकिन सामान्य खेलों में नहीं। एमएमए के बारे में जानकारी के बाद उन्हें अपना खेल मिल गया। मैंने राज्य और देश के लिए पदक लाने को एक पेशेवर फाइटर बनने के लिए प्रशिक्षण लेने का फैसला लिया। कोच दीपक ने गीता को लड़कों के साथ अभ्यास कराया।



फाइटर गीता। ● अमृत विचार

### बारिश से जगह-जगह हुआ जलभराव

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश की वजह से रविवार को भी कई मोहल्लों में पानी भर गया। नाले और नालियां चोक होने से पानी सड़कों पर भर गया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। दो दिन से हो रही बारिश की वजह से कई सड़कें भी उखड़ गईं और जिन सड़कों पर गड्ढे थे, वह और भी बड़े हो गए। इसकी वजह से कई वाहन भी गड्ढों में फंस गए।



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# किसानों की जमीन पर इफको के नाजायज कब्जे की नहीं हो सकी जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पैमाइश के लिए पहुंची टीम बैरंग लौटी, किसानों ने लगाया दबाव में आने का आरोप
- एसडीएम ने कहा- इफको अधिकारियों के न आने से नहीं हो सकी पैमाइश

**अमृत विचार :** इफको के और किसानों की जमीन पर अवैध कब्जे की जांच के लिए भेजी गई राजस्व विभाग की टीम रविवार को बैरंग लौट आई। इफको के अधिकारियों के न आने की वजह से मौके पर पैमाइश नहीं हो सकी। एसडीएम का कहना है कि सोमवार को पैमाइश के लिए टीम दोबारा जाएगी। उधर, किसानों का आरोप है कि प्रशासन के अफसर इफको प्रबंधन के दबाव में हैं, इसी कारण सख्ती से कार्रवाई करने के बजाय टालमटोल कर रहे हैं।

इफको प्रबंधन पर भमोरा के गांव नौगवां अहिरान के रामरहीस, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल समेत तमाम किसानों के साथ पीडब्ल्यूडी, वनविभाग और ग्राम समाज की जमीन पर भी बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा करने का आरोप है। किसान लंबे समय से अपनी जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराने और अवैध कब्जे से हुई आर्थिक क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। काफी समय तक प्रशासनिक अफसरों के चक्कर काटने का कोई नतीजा नहीं निकला तो उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। कुछ समय पहले न्यायालय ने पैमाइश कर छह किसानों की जमीन चिह्नित करने का आदेश दिया था।

न्यायालय के आदेश पर एसडीएम की ओर पैमाइश के लिए नायब तहसीलदार बल्लिया राजकुमार सिन्हा, कानूनगो इंद्रेश यादव, लेखपाल बाबा भीम और धीरज कुमार की टीम बनाई थी जिसे रविवार को मौके पर पैमाइश करने का निर्देश दिया था। रविवार को यह टीम पहुंची लेकिन पैमाइश किए बगैर लौट आई।



इफको में जांच को पहुंची तहसील प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

### किसानों को नहीं ले गए साथ, घंटों बाद लौटकर बोले- आज नहीं होगी पैमाइश

रविवार को प्रशासनिक टीम के बैरंग लौटने से किसानों में गुस्सा है। किसान संगठन के ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि प्रशासनिक टीम ने उन्हें साथ चलने के लिए कहा था लेकिन वे लोग टाउनशिप पहुंचे तो उन्हें गेट पर ही रोककर खुद अंदर चली गई। काफी देर बाद लौटे और इफको अधिकारियों के न आने की बात कहकर बाद में पैमाइश करने की बात कहकर निकल गए। किसानों का आरोप है कि इफको प्रबंधन के दबाव में कोर्ट के आदेश के बावजूद टालमटोल की जा रही है। इसी कारण पैमाइश के लिए मौके पर वादी किसानों को ही साथ नहीं ले जाया गया।

### ग्राम समाज की छह सौ एकड़ जमीन पर है कब्जे का आरोप

सेंधा गांव के ओमशंकर ने ग्राम सभा की करीब छह सौ एकड़ जमीन पर इफको का अवैध कब्जा होने की शिकायत एसडीएम से की है। इसी गांव के राजेश्वर सिंह के परिवार वालों ने भी आरोप लगाया है कि उनकी जमीन पर इफको ने जबरन टॉवर बना लिया है। इफको प्रबंधन के दबाव के कारण प्रशासन उनकी जमीन कब्जा मुक्त नहीं करा रहा है।

> पैमाइश के लिए टीम को भेजा गया था लेकिन इफको का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में इफको से पहुंचे अधिकारी ने रविवार को अवकाश की वजह से पैमाइश टालने को कहा और सोमवार या मंगलवार को पैमाइश कराने का आग्रह किया है।
> **-गोविंद मौर्य,** एसडीएम

## एक नजर

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीना

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर पवन विहार के सामने बाइक सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचा निकालकर गोली मारने की धमकी दी। मौके पर पहुंची रुहेलखंड चौकी पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। पशुपति विहार कॉलोनी निवासी राशिद ने बताया कि वह दो मार्च को रात करीब 10 .30 बजे ममेरे भाई से मिलने के लिए पीलीभीत रोड स्थित एक मैरिज लॉन में जा रहे थे। पवन विहार के पास ममेरे भाई का फोन आने पर वह बाइक रोककर बात करने लगे। इसी दौरान बाइक सवार दो लोग और गालीगलौज करते हुए मोबाइल छीन लिया। राशिद ने रुहेलखंड चौकी पुलिस को शिकायती पत्र दे दिया है। चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर बदमाशों का पता लगाया जा रहा है।

### कमलनयन दास की हत्या का आरोप गलत बताया

**बरेली, अमृत विचार :** अखलनाथ स्थित तुलसी मठ में तुलसी स्थल कुटुंब की ओर से रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट के महामंत्री अनुज अग्रवाल ने कहा कि वह मठ स्थल से जुड़े लोगों को वर्षों से जानते हैं। यहां धार्मिक कार्यक्रम निरंतर संचालित होते रहते हैं। महाराज कमलनयन दास की मौत के मामले में महंत पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वे निराधार हैं। मठ संरक्षक शिव औतार मिश्र ने बताया कि जो भी आरोप मठ के शुभचिंतकों पर लगाए जा रहे हैं, वे झूठे हैं। असामाजिक तत्व मठ की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। मठ सेवक आशुतोष शर्मा, डॉ. शिव नरेश शुक्ला, सुरभित पाठक ने बताया कि जो व्यक्ति महंत पर आरोप लगा रहा है, वह मठ परंपरा का शिष्य नहीं है बल्कि अनुचित तरीके से संपत्ति हड़पना चाहता है। आचार्य राम कृष्ण शर्मा ने बताया कि कमलनयन दास महाराज ने रजिस्टर्ड वसीयत के जरिए वर्तमान महंत नीरज नयन दास महाराज को ही उत्तराधिकारी बनाया है।

# वर्दी पर एक और दाग, नाबालिग लड़की का इस्तेमाल किया था बेकरी मालिक को ब्लैकमेल करने के लिए

## बारादरी इलाके में रहने वाली किशोरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर गाजियाबाद के बाल संप्रेक्षण गृह भेजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपी किला चौकी इंचार्ज सिपाही और तीनों फर्जी पत्रकारों का कोई सुराग नहीं
- नाबालिग का इस्तेमाल करने पर अफसरों का अलग से कोई कार्रवाई करने से भी इन्कार

**अमृत विचार :** किला चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार और सिपाही कोलेंद्र ने तीन फर्जी पत्रकारों के साथ बेकरी मालिक को ब्लैकमेल करने के लिए जिस लड़की का इस्तेमाल किया, वह नाबालिग निकली। सबसे पहले यह किशोरी ही पुलिस के हाथ आई। रविवार को उसे गिरफ्तार कर गाजियाबाद के बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। दरोगा-सिपाही समेत बाकी आरोपियों को गिरफ्तार करना तो दूर, पुलिस कोई सुराग तक नहीं लगा सकी है। ब्लैकमेलिंग के लिए नाबालिग लड़की का इस्तेमाल करने के मामले में इन आरोपियों पर अलग से कोई कार्रवाई करने से भी अफसर इन्कार कर रहे हैं।

परसाखेड़ा में बेकरी चलाने वाले शाहबाद (रामपुर) के कारोबारी मुस्तकीम को फंसाकर सात लाख रुपये वसूल करने के लिए चौकी इंचार्ज, सिपाही और फर्जी पत्रकारों ने 16 साल की लड़की का इस्तेमाल किया था। मुस्तकीम की ओर से इस मामले में थाना किला में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें किला चौकी इंचार्ज रहे सौरभ कुमार, सिपाही कोलेंद्र, फर्जी पत्रकार नावेद, चांद अलवी और गुलाम साबिर आजाद को नामजद किया गया था जो अब तक फरार हैं। कहने को उनकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाई गई हैं जो अब तक नाकाम हैं। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि आरोपी पुलिस वालों की गिरफ्तारी के लिए कोई खास कोशिश ही नहीं की जा रही है। फर्जी पत्रकारों तक भी पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे हैं।

बारादरी इलाके में रहने वाली किशोरी को किला पुलिस ने रविवार को उसके घर से पकड़ा। पूछताछ में किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह काफी समय से आरोपियों से संपर्क में थी। जब भी जरूरत होती थी, आरोपी उसे पैसे देकर बुलाते थे। ब्लैकमेलिंग के लिए शिकार फंसने पर पुलिस से पहले से साठगांठ कर थानों में उससे तहरीर दिलाते थे। उसके बाद वसूली करते थे।

बेकरी मालिक मुस्तकीम को फंसाने के लिए उसे होटल में भेजा गया था। वह होटल के कमरे में कुछ देर तक मुस्तकीम के साथ रही और आरोपियों जैसा उसे पहले से बताया हुआ था, वह होटल से बाहर चली आई। सिपाही और तीनों फर्जी पत्रकार पहले से मौजूद थे। मुस्तकीम को लेकर सभी किला चौकी आए। जहां उसी के सामने काफी देर तक उससे डील चलती रही। मुस्तकीम के रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद चौकी इंचार्ज, सिपाही और तीनों फर्जी पत्रकार फरार हो गए। एसएसपी ने दरोगा और सिपाही को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए थे। पूछताछ के बाद किला पुलिस ने किशोरी को बाल संप्रेक्षण गृह महिला गाजियाबाद भेज दिया। बरेली में व्यवस्था न होने के कारण उसे वहां भेजा गया है।



दरोगा सौरभ, सिपाही कोलेंद्र और गुलाम साबिर। ● अमृत विचार

### सबसे बड़ी पीड़ित किशोरी लेकिन पुलिस अफसरों का कानून कहता है कुछ और

**बरेली, अमृत विचार:** बारादरी इलाके में रहने वाली किशोरी के पिता ने उसकी मां को काफी समय से छोड़ रखा है। उसकी तीन और बहनें हैं। अपने साथ उनका पेट भरने के लिए उसकी मां को दिन-रात मेहनत-मजदूरी करनी पड़ती है। पुलिस की छानबीन में पता चला कि किशोरी पहली बार फर्जी पत्रकार नावेद के संपर्क में आई थी। नावेद ने उसके परिवार के बुरे हाल पर सहानुभूति जताते हुए उसे नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में उसे ब्लैकमेलिंग के काम में इस्तेमाल करने लगा। चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार और सिपाही कोलेंद्र से भी लड़की पहले ही मिल चुकी थी और उन्हें भी मालूम था कि वह नाबालिग है। पुलिस जिस मुस्तकीम को पीड़ित मान रही है, उसने भी रंगरलियां मनाने के लिए इस किशोरी को फर्जी पत्रकारों के जरिए होटल में बुलाया था और इसके लिए दो हजार रुपये भी दिए थे। बावजूद पुलिस इस मामले में किशोरी के साथ कोई सहानुभूति दिखाने को तैयार नहीं है। कायदे में तो किशोरी को इस्तेमाल करने वाले आरोपियों और उसे होटल में बुलाने वाले मुस्तकीम पर भी पॉक्सो एक्ट लगना चाहिए लेकिन पुलिस किशोरी को ब्लैकमेलर के अलावा कुछ और मानने को तैयार नहीं है। अफसरों का कहना है कि इस मामले में पीड़ित मुस्तकीम है। अगर आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट लगाया तो किशोरी पीड़ित बन जाएगी।

- पहले फर्जी पत्रकारों, फिर पुलिस ने उठाया लड़की की मजबूरी का फायदा
- मुस्तकीम ने भी किशोरी को होटल में बुलाने के लिए दिए थे दो हजार रुपये

### पॉक्सो की धमकी देने के लिए किशोरी को रखा था गिरोह में

ब्लैकमेलिंग गिरोह चलाने वाले पुलिस वाले और फर्जी पत्रकारों के शातिरपन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपने शिकार बनने वाले लोगों को पॉक्सो एक्ट की धमकी देने के लिए ही गिरोह में शामिल किया था। बताया जा रहा है कि उनके गिरोह में और कई किशोरी और महिलाएं शामिल हैं।

### रो-रोकर पुलिस से कहती रही- अंकल, गलती हो गई, माफ कर दो

पुलिस जब किशोरी को गाजियाबाद के बाल संप्रेक्षण गृह भेजने लगी तो उसने बिलख-बिलखकर रोना शुरू कर दिया। बोली, अंकल मुझसे गलती हो गई। मैं गलत लोगों के चक्कर में फंस गई। मुझे माफ कर दो।

> फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर सात लाख रुपये की मांग करने वाली किशोरी को पकड़कर गाजियाबाद के बॉल संप्रेक्षण गृह महिला में भेजा गया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।
> **- हरेंद्र सिंह,** थाना प्रभारी, किला

# ठग ने खुद को बताया चौकी इंचार्ज सभासदों ने कुछ सोचे-समझे बगैर खाते में डाल दिए 91 हजार

संवाददाता, आंवला

- लखनऊ में होने का बहाना बनाकर खातों में डलवाए पैसे

**अमृत विचार :** आंवला के दो सभासदों को साइबर ठगों ने खुद को चौकी इंचार्ज और बताकर पैसे मांगे तो उन्होंने कुछ सोचे-समझे बगैर उनके बताए खाते में 91 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। धोखाधड़ी का पता चलने के बाद सभासदों ने थाने में शिकायत की है।

आंवला के मोहल्ला बाग बख्शी वार्ड नंबर 6 के सभासद राजीव कुमार ने बताया कि 25 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया था। उसने खुद को आंवला चौकी इंचार्ज बताया और कहा कि उसे 45 हजार रुपये की सख्त जरूरत है। उसने खुद को लखनऊ में होना बताकर क्यूआर कोड भेजकर रुपये भेजने को कहा। उन्होंने उसके खाते में रुपये भेज दिए और चौकी इंचार्ज से पूछा तो उन्होंने इससे साफ इन्कार किया। वहीं मोहल्ला घेर अन्नू खां वार्ड नंबर 2 के सभासद परवेज बेग ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया और खुद को आंवला थाने का जाने आलम बताया। उसने कहा कि वह उनके खाते में कुछ रुपये भेजने का फर्जी मेसेज भेज दिया। इसके बाद जरूरत बताकर 46 हजार रुपये अपने खाते में डलवा लिए। जब उनके भाई आफाक बेग बैंक में गए तो पता चला कि ठगी हुई है। सभासदों ने बताया कि उनके भेजे गए पैसे गुड़गांव सेक्टर 14 की एक बैंक शाखा के एक खाते में गए हैं। खाता किसी लवप्रीत सिंह के नाम से है। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं चौकी इंचार्ज मोहित चौधरी ने बताया कि कोई हैकर है जो स्थानीय व्यक्ति की सहायता से सभासदों से ठगी कर रहा है। उसकी लोकेशन नागालैंड की दिखाई दे रही है। उसने सभी सभासदों की जानकारी ले ली है। वह उनको विश्वास में लेकर ठगी कर रहा है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रेन में महिला का पर्स चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेन में एक महिला का पर्स चोरी हो गया। महिला ने जीआरपी बरेली जंक्शन थाना को तहरीर दी है। जीआरपी रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। राजस्थान की रहने वाली सुशीला देवी सिंघानिया साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस से लखनऊ से बीकानेर जा रही थीं। उनकी आंख मुरादाबाद स्टेशन पर खुली तो उन्होंने देखा कि सीट से उनका पर्स गायब है। पर्स में चांदी के पांच सिक्के और कुछ नकदी समेत मोबाइल फोन था।

### विधवा पेंशन फर्जीवाड़ा में सिर्फ 23 अपात्र महिलाओं से वसूली

**बरेली, अमृत विचार :** रामनगर के गोठा खंडुआ गांव में कागजों में पतियों को मारकर विधवा पेंशन का लाभ लेने के मामले में अब तक सिर्फ 23 अपात्र महिलाओं से वसूली की जा सकी है। अभी 23 महिलाओं से वसूली बाकी है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही अन्य अपात्रों से भी वसूली की जाएगी।

गोठा खंडुआ गांव में अफसरों की मिलीभगत से 25 से 30 साल की महिलाएं पतियों के जिंदा होने के बावजूद विधवा पेंशन ले रही थीं। डीएम रविंद्र कुमार की ओर से जांच कराने पर कई अधिकारियों की मिलीभगत उजागर हो गई थी। सितंबर-अक्टूबर में मामले का भंडाफोड़ होने के बाद भी वसूली की प्रक्रिया काफी सुस्त रही। पिछले महीने कमिश्नर ने डीएम को पत्र भेजकर वसूली और कानूनी कार्रवाई की जानकारी मांगी थी।

इसके बाद वसूली की प्रक्रिया में तेजी लाई गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने बताया कि हाल के दिनों में 20 महिलाओं से 14 हजार रुपये के हिसाब से तीन लाख से ज्यादा की वसूली कर रकम सरकारी राजकीय कोष में जमा करा दी गई है। तीन महिलाओं से पहले वसूली गई थी। बताया कि 23 अन्य महिलाओं से भी जल्द ही वसूली करा ली जाएगी।

# अस्पताल के सामने खुला हुआ था नाला, गिरकर जान गवां बैठा युवक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रविवार शाम को मिला शव, नहीं हो सकी पहचान

**अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र की शिव कॉलोनी के मेन गेट पास एक निजी अस्पताल के सामने नाले नाले में 40 साल के युवक का शव मिला। युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

अस्पताल के सामने नाला पर स्लैब नहीं होने से युवक के इसमें गिरने से मौत की आशंका है। मृतक की जेब से जालीदार टोपी मिलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि वह मुस्लिम होगा। शिव कॉलोनी के सामने रविवार को शव देखने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पहचान की कोशिश की। निजी अस्पताल के सामने नाला है, जिस पर कुछ जगह में स्लैब नहीं है। ऐसे में रोगी भी गिर सकते हैं।

इस ओर न तो अस्पताल प्रबंधन और न ही नगर निगम ने ध्यान दिया। प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराई जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



अस्पताल के सामने नाले से शव निकलवाती प्रेमनगर पुलिस। ● अमृत विचार

### भाजपा सभासद कर रहा है उत्पीड़न, पलायन कर जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार:** शेरगढ़ में भाजपा के सभासद के उत्पीड़न से परेशान होकर पलायन का बोर्ड लगाया है। इस मामले में बरेली पुलिस के अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की गई है। मामले में शेरगढ़ थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया गया है। गजेशी देवी मौर्य का आरोप है कि सभासद ने घर के सामने सरकारी जमीन पर बंटबारा करा दिया। इसके अलावा सरकारी आवास के नाम पर चालीस हजार रुपये ले लिए और तीस हजार रुपये और की मांग की जा रही है। गजेशी ने सभासद पर उनके पति का भी उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

# रोडवेज में भर्ती कराने के नाम पर मांगी एक लाख की रिश्वत, रिपोर्ट

- मुख्यालय से निर्देश मिलने के बाद एआरएम ने कोतवाली में कराई रिपोर्ट
- 24 फरवरी को तहरीर देने पर भी रिपोर्ट दर्ज न करने पर एसएसपी से की शिकायत

**बरेली, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम में संविदा पर भर्ती करने के नाम पर एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। मुख्यालय के निर्देश पर एआरएम ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एआरएम ने 24 फरवरी को ही कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो एसएसपी से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। एआरएम ने पुलिस को वायरल ऑडियो की पेन ड्राइव भी सौंपी है।

मौजूदा समय में रोडवेज में संविदा के चालक और परिचालकों की भर्ती की जा रही है। परिचालक में भर्ती होने के लिए शाने आलम नाम के एक व्यक्ति ने आवेदन किया है। शाने आलम के पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह उसकी नौकरी लगवा देगा। इसके बदले में उसे एक लाख रुपये देने पड़ेंगे। इसके बाद पूरे मामले की शिकायत परिवहन निगम के मुख्यालय में की गई। मामला संज्ञान में आने पर मुख्यालय के आदेश पर बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने मामले की जांच के आदेश देकर कोतवाली पुलिस में तहरीर दी।

# दुर्गानगर में सड़क पर भरे पानी में फैला करंट, घोड़े की मौत, युवक भी झुलसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर किया हंगामा
- बिहारीपुर में भी करंट की चपेट में आकर गाय की मौत, कई लोग बाल-बाल बचे

**अमृत विचार :** बारिश की वजह से रविवार को दुर्गानगर में करंट फैलने से घोड़े की मौत हो गई और बुग्गी चालक घायल हो गया। वहीं बिहारीपुर में करंट की चपेट में आकर गाय की मौत हो गई। इसके अलावा शहर में कई जगह बिजली फाल्ट होने से लोग परेशान हुए।

दुर्गानगर निवासी रामचंद्र प्रजापति घोड़ा-बुग्गी चलाते हैं। रविवार की दोपहर वह अपने घर जा रहे थे। बारिश की वजह से सड़क पर पानी भरा हुआ था। वह जैसे ही घर के पास पहुंचे के तभी पानी में करंट आ गया, जिससे उनके घोड़े की मौत हो गई और वह झटका लगने से दूर जा गिरे। रामचंद्र के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, उन्होंने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची टीम ने बिजली सप्लाई को बंद किया। टीम ने पाया कि कटी केबल से करंट आया था, इसे तुरंत हटाया गया। इसके अलावा बिहारीपुर दरगाह गली में रविवार की सुबह पोल में करंट आने से एक गाय की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग को करंट आने की सूचना दी जा चुकी है लेकिन उसे ठीक नहीं कराया जा रहा है। बारिश में कुतुबखाना, किला, सुभाषनगर, शाहदाना और जगतपुर क्षेत्र के साथ ग्रामीण इलाकों में लोकल फाल्ट होने से बिजली कटौती की गई।



दुर्गा नगर में पानी में फैले करंट की चपेट में आकर घोड़े की गई जान। ● अमृत विचार

### आज इन इलाकों में गुल रहेगी बिजली

33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र किला के तहत 11 केवी सिटी-एक फीडर की लाइन पर सोमवार को अनुरक्षण संबंधी काम कराया जाएगा। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि जिसके चलते फीडर से पोषित होने वाले एरिया मुलूकपुर, जवाहर पैलेस, चुना भट्ठा की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी।

# ...तो फिर आंवला में कहीं आग लगी तो बुझा नहीं पाएंगे

## अग्निशमन केंद्र मंडी समिति भवन से हटाने के आदेश पर सीएफओ का जिलाधिकारी को पत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पंद्रह दिन में खाली करना है भवन, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों में खलबली
- उप निदेशक मंडी ने 13 साल के किराए के 11 लाख भी वसूलने के दिए हैं निर्देश

**अमृत विचार :** गर्मियों में ही अग्निकांड होते हैं और गर्मी शुरू होने से ऐन पहले आंवला में मंडी समिति भवन में 13 साल से चल रहा अग्निशमन केंद्र बंद होने की आशंका पैदा हो गई है। उपनिदेशक मंडी की ओर से 15 दिन के अंदर अग्निशमन केंद्र हटाने के साथ अब तक के किराए के साढ़े 11 लाख भी वसूलने का आदेश दिया गया है। सीएफओ की ओर से इसके बाद डीएम को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि अग्निशमन केंद्र बंद हुआ तो मुख्यालय 50 किमी दूर आंवला कहीं कोई अग्निकांड होने पर समय से फायर ब्रिगेड का पहुंचना असंभव साबित होगा।

आंवला की कृषि उत्पादन मंडी समिति के परिसर के कुछ भवनों में अस्थाई रूप से करीब 13 साल से अग्निशमन केंद्र चल रहा है। हालांकि अग्निशमन केंद्र के निजी भवन के निर्माण के लिए गांव नगरिया सतन में 1.012 हेक्टेयर भूमि काफी समय से आरक्षित है लेकिन शासन से बजट का आवंटन न होने के कारण आंवला के अग्निशमन केंद्र का का इस जमीन पर अब तक निर्माण नहीं कराया जा सका है। बजट के लिए अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय को जनपद स्तर से कई बार पत्र भी लिखे जा चुके हैं, जिन्हें हर बार जल्द बजट मंजूर कराने का आश्वासन देकर टाला जा चुका है। सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा ने डीएम को पत्र लिखा है कि आंवला कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव ने अग्निशमन केंद्र प्रभारी को 19 फरवरी को पत्र लिखा है। इसमें उप निदेशक (प्रशासन एवं विपणन) के आदेश का हवाला देते हुए मंडी समिति परिसर में चल रहे अग्निशमन केंद्र पर कड़ी आपत्ति जताई है। भवनों को 15 दिन के अंदर खाली कराने के साथ किराए के 11.5 लाख का भुगतान करने को कहा है। सीएफओ का कहना है कि आंवला से बरेली की दूरी करीब 50 किमी है। वहां से अग्निशमन केंद्र हटा तो आंवला में कोई अग्निकांड होने पर जिले के किसी दूसरे अग्निशमन केंद्र से मदद पहुंच पाना संभव नहीं होगा और भारी जन-धन की आशंका बनी रहेगी। उन्होंने डीएम से आंवला में आरक्षित भूमि पर अग्निशमन केंद्र का निर्माण होने तक उसे मंडी समिति परिसर में ही चलने देने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

### एसएसपी ने भी डीएम को लिखी चिट्ठी

मुख्य अग्निशमन अधिकारी के पत्र का हवाला देते हुए 22 फरवरी को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने भी डीएम को चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने डीएम से आंवला में अग्निशमन केंद्र के लिए आरक्षित भूमि पर भवन का निर्माण होने तक उसे मंडी समिति के ही भवन में रहने देने की अनुमति के औचित्य पर विचार करने का आग्रह किया है।

## सार-संक्षेप

### इंदिरा मार्केट के सामने सिविल डिफेंस चौराहा बनाएं



बरेली, अमृत विचार : चौकी चौराहा पर डॉ. चारू मेहरोत्रा के नेतृत्व में नागरिक सुरक्षा की मासिक बैठक में कुतुबखाना रोड के सामने इंदिरा मार्केट के सामने सिविल डिफेंस चौराहा बनाने की मांग उठी। सिविल लाइंस प्रभाव के रामपुर गार्डन डिवीजन में फायर फाइटर के रूप में युवाओं को जोड़ने की बात रखी गई। रामपुर बाग पोस्ट ने नगर आयुक्त, महापौर और जिलाधिकारी को सिविल डिफेंस चौराहा बनाए जाने का प्रस्ताव देने की सहमति बनी। इस प्रस्ताव का समर्थन डिवीजनल वार्डन दिनेश यादव, डिप्टी डिवीजनल वार्डन मोहम्मद उस्मान नियाज, अनिल शर्मा, सेक्टर वार्डन जहीर अहमद ने किया। इस अवसर पर रामपुर बाग पोस्ट के हरपाल सिंह डिप्टी वार्डन, प्रत्याशा शुक्ला, प्रवीण शुक्ला, एडमिन अरे प्रेम, वरुण जुनेजा सौरभ दिवाकर, गुरप्रीत कौर आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकली कृष्ण-बलराम की रथ यात्रा



बरेली, अमृत विचार : इस्कॉन मंदिर की ओर से श्रीकृष्ण– बलराम की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। रविवार को रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम से यात्रा शुरू हुई। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण और बलराम के रथ का रस्सा खींचा। ढोल–मजीरों के साथ भक्त प्रभु नाम का गुणगान करते हुए चल रहे थे। आनंद आश्रम से गांधी उद्यान, चौकी चौराहा, चर्च रोड, हिंद टॉकीज, पटेल चौक से होते हुए शोभायात्रा नावल्टी चौराहा पहुंची। इस्कॉन के प्रबंधक भीम अर्जुन दास, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, अशोक गोयल, अनिल अग्रवाल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, सौरव मेहरोत्रा, पंकज अग्रवाल, अनुपम कपूर, विधायक संजीव अग्रवाल, अभय जसोरिया, राजू खंडेलवाल, डॉ. विनय खंडेलवाल, डॉ. त्रिवेणी दत्त आदि मौजूद रहे।

### मुस्लिम इलाकों से भाजपा के पक्ष में कराएं वोटिंग



बरेली, अमृत विचार : भाजपा कार्यालय पर रविवार को अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि 6 मार्च तक लाभार्थियों के बीच में जाकर जनता को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देनी है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम इलाकों के बूथों से अधिक से अधिक वोट भाजपा के पक्ष में हो, इसके लिए भी लोगों से संपर्क स्थापित करना है। अल्पसंख्यक मोर्चा का उर्दू में पोस्टर का विमोचन किया गया। अध्यक्ष परवेज मियां, जिला मंत्री राहुल साहू, जिला उपाध्यक्ष जावेद अंसारी, महामंत्री निहाल खान, अतहर अली, डॉ. नबी राजा सलमानी, मगन जैदी, याकूब जैदी, असीम खान, मुजस्सिम अली, शानू अंसारी आदि मौजूद रहे।

### लेखा विभाग ने एडमिन, यांत्रिक ने आरपीएफ को हराया



बरेली, अमृत विचार : रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम इज्जतनगर में पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ इज्जतनगर मंडल के तत्वावधान में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता की रविवार को मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने शुरुआत की। प्रतियोगिता में वालीबॉल का उद्घाटन मैच एडमिन और लेखा विभाग की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें लेखा विभाग की टीम ने 25–14, 25–20 और 25–22 अंकों से जीत हासिल कर अगले चरण में प्रवेश किया। दूसरा मैच में यंत्रालय की टीम ने सीधे सेटों में 25–3 और 25–13 अंकों से रेलवे सुरक्षा बल को हराया। तीसरे मैच में इंजीनियरिंग विभाग ने सीधे सेटों में 25–21 और 25–15 अंकों से भण्डार विभाग पर जीत दर्ज की। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल सहित अधिकारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

# दो दिन में पोर्टल पर डाटा अपलोड न किया तो दाखिले नहीं ले पाएंगे डिग्री कॉलेज

## एआईएसएचई में अब तक कई महाविद्यालयों का डाटा नहीं हुआ है फीड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के पोर्टल पर शिक्षकों का डाटा अपलोड न करने वाले कॉलेजों में प्रवेश के साथ परीक्षा पर भी रोक लगाई जा सकती है। लापरवाही बरतने पर शासन की सख्ती के बाद रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने संबद्ध महाविद्यालयों को दो दिन में डाटा अपलोड करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कुलसचिव ने महाविद्यालयों के प्राचार्य और प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण ने 6 फरवरी को आदेश दिया था कि पोर्टल पर 15 फरवरी तक डीसीएफ (डाटा कैप्चर फार्मेट) और टीआईएफ



(टीचर इन्फॉर्मेशन फार्म) डाटा अपलोड कर दिया जाए। इसके अलावा विश्वविद्यालय की ओर से भी 18 और 31 जनवरी को पत्र भेजकर डाटा अपलोड करने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक कई महाविद्यालयों ने पोर्टल पर डाटा अपलोड नहीं किया है। इस पर शासन ने संज्ञान लिया है। ऐसे में दो कार्य दिवस में पोर्टल पर डाटा अपलोड कर उन्हें जानकारी उपलब्ध कराएं। निर्धारित समय में डाटा अपलोड न करने पर महाविद्यालय के प्रवेश, परीक्षा, प्रोन्नति और चयन आदि पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी जाएगी।

### बरेली कॉलेज में परीक्षक को विभाग में पड़ा मिला ताला

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में रविवार को एमएससी गणित की प्रयोगात्मक परीक्षा में परीक्षक पहुंचे तो उन्हें विभाग में ताला लटका मिला। उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य, रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति और परीक्षा नियंत्रक को इस बारे में बताया है। वहीं विभागाध्यक्ष का कहना है कि प्रयोगात्मक परीक्षा को आगे बढ़ा दिया गया था, उन्हें परीक्षक नियुक्त के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। विभाग के दूसरे शिक्षक राजनीति कर छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। बरेली कॉलेज के एमएससी गणित विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. स्वदेश सिंह की ओर से 25 फरवरी को प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसमें तीन मार्च को सुबह 10 बजे एमए और एमएससी गठित प्रथम और चार मार्च को सुबह 10 बजे एमए और एमएससी तृतीय सेमेस्टर के सभी छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा निर्धारित थी। इसकी सूचना कॉलेज की वेबसाइट पर भी अपलोड है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से परिसर के गणित विभाग के प्रो. मदन लाल को बाह्य परीक्षक नियुक्त किया गया। प्रो. मदन लाल ने बताया कि वह निर्धारित समय पर सुबह बरेली कॉलेज के गणित विभाग में परीक्षा लेने पहुंचे तो देखा कि वहां ताला लगा हुआ है। इस पर उन्होंने प्राचार्य प्रो. ओपी राय, कुलपति प्रो. केपी सिंह और परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार को अवगत कराया। इस मामले मे गणित विभागाध्यक्ष प्रो. स्वदेश सिंह का कहना है कि तीन मार्च की प्रयोगात्मक परीक्षा आगे बढ़ा दी गई थी, इसकी जानकारी सभी छात्रों को भी दे दी गई। उन्हें नहीं पता कि किसे बाह्य परीक्षक नियुक्त किया गया। यदि उन्हें जानकारी होती तो जरूर परीक्षा कराई जाती।



### खुद लड़कर काया ने जीती महिलाओं के उत्थान की लड़ाई

बरेली, अमृत विचार : रिद्धिमा में रविवार को नई दिल्ली के रूबरू थिएटर ग्रुप की ओर से नाटक काया का मंचन किया गया। नाटक में समाज में शिक्षा के महत्व को बताने के साथ महिलाओं के शिक्षित होने पर जोर दिया गया।

विक्रम शर्मा लिखित और काजल सूरी निर्देशित नाटक की कहानी स्त्री उत्थान पर है। इसमें एक असहाय विधवा अनपढ़ होने के बाद भी गांव की कुप्रथाओं से लड़ती है। अनेक विषम परिस्थितियों से गुजरते हुए अपना उत्थान करती है। फिर गांव में ऊंचे पद पर सम्मानित होने के बाद वहां स्त्री उत्थान केंद्र खोलती है। काया का पति विष्णु एक साये की तरह उसका मार्गदर्शन करता रहता है। नाटक में काया की मुख्य भूमिका में गुंजन, अपूर्व (विष्णु), जसकिरन चोपड़ा (कलावती और छन्नो जान), आशा खन्ना (पुष्पा), ओम चौधरी (सोनू), वर्षा (बिंद्री), तनिशा गांधी (पुनिया), सचिन (धर्मदास), सुजाता (तल्खन), कृष बब्बर और मंत्र भारद्वाज (बुरी आत्माएं) ने भूमिकाएं अदा कीं। नाटक में संगीत स्पर्श राय ने और मेकअप मुहम्मद राशिद ने, गीता सेठी, शुभम और दीपक मोरिया ने बैक स्टेज में सपोर्ट किया। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राजकीय स्कूलों में प्रोजेक्ट अलंकार का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास



कार्यक्रम में मौजूद डीएम रविंद्र कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. एमपी आर्य, प्रो. श्याम बिहारी लाल और सीडीओ जगप्रवेश।

- मंडल में 83 स्कूलों के संतृप्तीकरण के लिए कार्यदायी संस्था को भेजी धनराशि
- राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में जनप्रतिनिधि और अफसरों ने देखा प्रसारण

बरेली, अमृत विचार : राजकीय और अशासकीय मान्यता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कार्यों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल शिलान्यास किया। रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में जनप्रतिनिधि और अफसरों ने गोरखपुर के राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि मंडल में 83 स्कूलों के लिए 1933.569 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया है। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत मंडल के राजकीय विद्यालयों में सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए पहली किस्त के रूप में आधी धनराशि कार्यदायी संस्था को भेज दी गई है। बरेली में 32 राजकीय स्कूलों के लिए 624.100 करोड़, बदायूं में 24 स्कूलों के लिए 653.920 करोड़, पीलीभीत में 27 स्कूलों के लिए 655.545 करोड़ रुपये भेजे गए हैं। जिले में आठ अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूलों में प्रोजेक्ट के तहत 41553000 करोड़ के सापेक्ष पहली किस्त के रूप में 12420600 करोड़ की धनराशि कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को भेज दी है।

बताया कि प्रोजेक्ट के तहत 2025 तक मंडल के सभी राजकीय स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल, डीएम रविंद्र कुमार, सीडीओ जगप्रवेश, डीआईओएस देवकी सिंह, कुसुमलता राजपूत, आरके शाक्य आदि मौजूद रहे।

# वसंतोत्सव में सम्मानित हुए 25 मेधावी विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की ओर से आयोजित 16 वें वसंतोत्सव में कलाकारों ने अपनी मखमली आवाज और नृत्य के माध्यम से पर्वतीय लोक परंपरा और संस्कृति से लोगों को रूबरू कराया। प्रख्यात गायक इंदर आर्य ने गीतों से समां बांध दिया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को महिला सशक्तीकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।

रविवार को कुर्मांचल नगर स्थित भोलेनाथ मंदिर परिसर में हुए कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने कहा कि महासभा की ओर से किए गए सभी सामाजिक कार्य महिला सशक्तीकरण को समर्पित हैं। इस मौके पर बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट वीपी ध्यानी को नागरिक अभिनंदन, नरेंद्र सिंह अधिकारी और लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल को उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही 25 मेधावी और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहारों को सम्मानित किया गया।

सांसद संतोष कुमार गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. दीप पंत, कर्नल एमसी पंत, कैप्टन राजीव ढींगरा, तुलसी मठ के महंत नीरजनयन दास, जयदीप लुनियाल, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. रमाकांत डंडरियाल, डॉ. एमएस बासु, चंदन सिंह नेगी, पुष्कर सिंह राणा, भास्कर सिंह रावत, हेमंत ढिमरी, बृजेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



वसंतोत्सव में गीतों की प्रस्तुति देते लोकगायक इंदर आर्य। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा के आयोजन में इंदर आर्य के गीतों पर झूमे लोग

#### इन्हें भी सम्मानित किया

सुधा रावत, डॉ. मुक्ता शर्मा पागरानी, डॉ. दीपशिखा जोशी, डॉ. स्वाति डंडरियाल, डॉ. ओशीन बोनाल, डॉ. सुविधा मेहर, डॉ. हेमा पंत, सुशीला धस्माना, पूनम ढींगरा, मीता सती, मंशा मिश्रा, कौशल्या सिंह, गीता रावत, निशा बिष्ट आदि को महिला सशक्तीकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं. स्व. डॉ. वीरेन डंगवाल स्मृति साहित्य सम्मान साहित्यकार सिया सचदेवा को प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में सम्मानित हुए मेधावी छात्र-छात्राएं और पदाधिकारी। ● अमृत विचार



लोक गायक इंदर आर्य के गीतों पर खूब झूमे लोग। ● अमृत विचार

### बारिश के कारण स्वास्थ्य मेले में कम पहुंचे मरीज

बरेली, अमृत विचार : मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में रविवार को 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर बारिश की वजह से मरीजों की संख्या कम रही। अधिकारियों के अनुसार वैसे आमतौर पर मेले में तीन हजार से अधिक मरीज पहुंचते थे, लेकिन इस रविवार को दो हजार के करीब मरीज ही पहुंचे, जिसमें सबसे अधिक 123 मरीज बुखार से ग्रसित मिले, जबकि 87 मरीज गंभीर बीमारियों से ग्रसित मिले, जिन्हें हायर सेंटर इलाज के लिए रेफर किया गया।

## पीएम सूर्या योजना के लिए अब तक 346 लोगों का पंजीकरण

बरेली, अमृत विचार : पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए डाक विभाग बरेली मंडल की में सर्वे कर रहा है।

27 फरवरी से शुरू सर्वे में 345 डाकियों को लगाया गया है। डाकिया क्यूआरटी पीएम सूर्या घर एप को डाउनलोड कराकर पंजीकरण करा रहे हैं, इनमें लाभार्थियों से कनेक्शन लेने, सुविधाएं समेत अन्य जानकारी भी साझा की जा रही है। अब तक 346 लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए सहमति जताई है। इस योजना में डाकिया मोबाइल नंबर और छह महीने का बिजली बिल भी अपलोड कर रहे हैं। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि योजना के तहत लोगों को भारत सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी। इसमें लोगों को जागरूक और सर्वेक्षण के लिए मंत्रालय का डाक विभाग सहयोग कर रहा है।

## बदायूं टाइगर्स का इस्वा पीएल ट्रॉफी पर कब्जा

बरेली, अमृत विचार : गंगाशील आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में इस्वा सीजन दो क्रिकेट प्रीमियर लीग की रविवार को शुरुआत हुई। इसमें फाइनल मैच जीतकर बदायूं टाइगर्स ने ट्राफी पर कब्जा किया।

प्रतियोगित की शुरुआत डॉ. शालिनी माहेश्वरी ने की। प्रतियोगिता में शाहजहांपुर, बरेली और बदायूं के डॉक्टर्स शामिल हुए। 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया, जिसमें ग्रुप ए से रोहिल्ला फाइटर्स और नईम फिजा फाइटर्स सेमीफाइनल में पहुंची और ग्रुप बी से हैदर चिश्ती सुल्तान और बदायूं टाइगर्स सेमीफाइनल में पहुंचीं। पहला सेमीफाइनल हैदर चिश्ती सुल्तान और रोहिल्ला फाइटर्स के बीच में हुआ जिसमें रोहिल्ला फाइटर्स विजेता बनी। दूसरा सेमी फाइनल बदायूं टाइगर्स और नईम फिजा फाइटर्स के बीच में खेला गया जिसमें बदायूं फाइटर्स ने जीत हासिल की। फाइनल मैच में बदायूं टाइगर्स ने रोहिल्ला फाइटर्स को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। मैन ऑफ द मैच डॉ. आकिब, बेस्ट फील्डर अवॉर्ड डॉ. अली सईद, बेस्ट बैट्समैन डॉ. आकिब, बेस्ट बॉलर डॉ. मोहम्मद आसिफ को दिया गया और मैन ऑफ द सीरीज डॉ. आकिब रहे। ट्रॉफी विशिष्ट अतिथि आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. आरके सिंह, एक्स प्रेसिडेंट एंड स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन डॉ. रवि, इस्वा प्रेसिडेंट डॉ. अनीस बेग और इस्वा प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. फाजिल ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। डॉ. शकील अहमद, डॉ. डब्ल्यू एच सिद्दीकी, डॉ. सबा चिश्ती, डॉ. शगुफ्ता यासमीन, डॉ. सबीन हसन, डॉ. फहमी, डॉ. लईक अहमद, डॉ. फरासत हुसैन, डॉ. अयूब अंसारी, डॉ. सालिक अहमद, डॉ. ताहिर हुसैन, डॉ. रमजान, डॉ. अरशद आदि मौजूद रहे।



ट्राफी के साथ विजेता टीम और अतिथि। ● अमृत विचार

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के लेटर पैड से निष्क्रिय पदाधिकारियों के नाम हटेंगे

- ब्रजलोक कॉलोनी में संगठन की मासिक बैठक में लिया निर्णय
- जिलाध्यक्ष ने ब्लाक संयोजक और सह संयोजक मनोनीत

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने रविवार को ब्रजलोक कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मासिक बैठक की, जिसमें ब्लाक स्तरीय संयोजक और सह संयोजक मनोनीत किए जाने के साथ दायित्वों के प्रति उदासीन पदाधिकारियों के नाम संगठन के लेटर पैड से हटाने का निर्णय लिया गया।

जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने भुता के संजीव शंखधार को संयोजक, अवनीश गंगवार को सह संयोजक मनोनीत किया। अन्य ब्लाकों के भी संयोजक और सह संयोजक मनोनीत किए गए। जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी हरीश गंगवार को दी गई। रामनगर के ब्लॉक अध्यक्ष के स्थानांतरण के कारण सत्यार्थ पारासरी को ब्लॉक अध्यक्ष और मोहित कुमार को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि निरंतर तीन बैठकों में अनुपस्थित रहने और दायित्वों के प्रति उदासीन रहने वाले जिले के पदाधिकारियों के नाम संगठन के लेटर पैड से हटाने का निर्णय लिया गया है। मित्रेश मिश्रा, अंजू अग्रवाल, हरिओम, शालिनी, निमित गौरव, सत्यपाल मौजूद रहे।

# एक ही टीके से होगी भेड़-बकरी में पीपीआर और चेचक की रोकथाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भेड़-बकरी में होने वाली पीपीआर और चेचक बीमारी की रोकथाम के लिए अब दो नहीं एक ही टीके का इस्तेमाल किया जाएगा। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिकों ने संयुक्त टीका विकसित किया है। इस टीके को वर्ष 2023 में तैयार किया गया था। इस टीके को हैदराबाद की हेस्टर बायोसाइसेंस कंपनी को हस्तांतरित किया गया है।

वैज्ञानिकों के अनुसार पेस्टे-डेस-पेटिट्स रूमिनेंट्स (पीपीआर) और गोटपॉक्स (बकरी चेचक) अत्याधिक संक्रामक रोग हैं, जो मुख्य रूप से बकरियों और भेड़ों को प्रभावित करते हैं, इस बीमारी के संक्रमण से मृत्यु दर अधिक होती है। अब दोनों बीमारी के लिए संयुक्त वैक्सीन में स्वदेशी पीपीआर और जीटीपीवी स्ट्रेनो का उपयोग किया गया है। जिससे दोनों रोगों के विरुद्ध पशुओं को प्रतिरक्षा मिलेगी। संस्थान के निदेशक डा त्रिवेणी दत्त ने कि दोनों बीमारियों के लिए संयुक्त वैक्सीन संस्थान के वैज्ञानिकों के लिए बड़ी उपलब्धि है। डॉ अनुज चौहान ने बताया की पीपीआर-गोटपॉक्स संयुक्त वैक्सीन को 65 लाख रुपये लाइसेंस शुल्क और पांच प्रतिशत रॉयल्टी की लाइसेंस शर्तों के साथ 10 साल की अवधि के लिए हेस्टर बायोसाइसेंस कंपनी को हस्तांतरित किया गया है। आईवीआरआई के इस टीके की विदेशों में भी बिक्री की संभावना है। इस टीके को विकसित करने वाली टीम में वैज्ञानिक डॉ मुथु चेलवन, डॉ. ज्ञान वेल, डॉ. रामाकृष्णा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. चंद्रशेखर का योगदान रहा।





वैक्सीन हेस्टर बायोसाइसेंस कंपनी को हस्तांतरित करते संस्थान के अफसर।

- आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने दोनों बीमारियों के लिए तैयार किया संयुक्त टीका
- 65 लाख के लाइसेंस शुल्क के साथ हैदराबाद की कंपनी को किया हस्तांतरित

### एक महीने में 47 लाख लोगों को खिलाई फाइलेरियारोधी दवा

बरेली, अमृत विचार : जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। जिले में करीब एक महीने में 47 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिलाई जा चुकी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष 86 फीसदी लोगों को दवा खिलाई जा चुकी है। दो दिन में लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। टीमें घर–घर जाकर लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिला रही हैं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि इस संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकलेगी शिव बरात, मंदिरों में तैयारियां शुरू

- भक्तों की सुविधा के लिए मंदिरों में तैनात रहेंगे वालंटियर

बरेली, अमृत विचार : महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस मौके पर शहर में धूमधाम से शिव बरात निकाली जाएगी। मंदिरों में साफ सफाई के साथ रंग रोगन का काम चल रहा है।

आठ मार्च को महाशिवरात्रि है। इसको लेकर मंदिरों को सजाया जा रहा है। रंग बिरंगी झालरों की रोशनी से मंदिर परिसर जगमग किए जाएंगे। श्रद्धालु आसानी से जलाभिषेक कर सकें इसके लिए मंदिरों में विशेष व्यवस्था कराई जा रही है। बनखंडी नाथ, पशुपति नाथ, त्रिवटीनाथ, तपेश्वर नाथ आदि मंदिरों में महाशिवरात्रि की तैयारियां चल रही हैं। जोगी नवादा स्थित बाबा बनखंडी नाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर ने बताया कि पर्व के उपलक्ष्य में शिव बरात धूमधाम से निकाली जाएगी। मंदिर में आठ अलग-अलग पहर में विशेष पूजा अर्चना होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वॉलंटियर रहेंगे। मंदिर में भजन-कीर्तन होंगे।



# कांटेक्ट लैस ग्लास से होगी जेल में मुलाकातियों की निगरानी

## डुअल व्यू स्कैनर बैगेज और नाइट विजन बाइनोकुलर भी लगाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** जेलों में कुख्यात बंदियों और उनसे मुलाकात करने वालों पर की निगरानी की जाएगी। बरेली की केंद्रीय कारागार समेत राज्य की पांच जिला कारागारों को हाईटेक किया जा रहा है। इन जेलों में डुअल व्यू स्कैनर, बैगेज, कान्टेक्ट लैस ग्लास और नाइट विजन बाइनाकुलर लगाए जा रहे हैं।

एक जेल में मुलाकात घरों के लिए 30 कान्टेक्ट लैस ग्लास खरीदने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन की अनुमति के बाद 10 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से बरेली की केंद्रीय कारागार, जिला कारागार लखनऊ, आजमगढ़, चित्रकूट और गौतमबुद्धनगर में उपकरणों की खरीद शुरू की गई है। पांचों जेलों में मुलाकात घरों के लिए 130 कान्टेक्ट लैस ग्लास, 5 ड्यूल व्यू स्कैनर बैगेज और 15 नाइट विजन बाइनोकुलर खरीदे जाने हैं। जेलों में रूफटॉप सोलर पैनल बनेगा। इसके लिए शासन ने बजट मंजूर करने के साथ स्वीकृति दे दी है। प्रत्येक जेल में करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्रीय कारागार-दो के साथ लखनऊ, चित्रकूट, आजमगढ़ की जिला कारागार में भी रूफटॉप सोलर पैनल बनाने को 8.36 करोड़ का बजट जारी किया है। संयुक्त सचिव शिव गोपाल सिंह ने बजट स्वीकृति के संबंध में पुलिस महानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं को 22 फरवरी को चिट्ठी भेजी है।

## गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने डेलापीर सब्जी मंडी के पास से गांजा बेच रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक किलो तीन सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। इंस्पेक्टर इज्जतनगर जयशंकर सिंह ने बताया कि डेलापीर सब्जी मंडी के पास से शनिवार रात मंडी के पास से सैदपुर चुन्नीलाल, भोजीपुरा निवासी शराफत अली को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ कई थानों में 13 मुकदमे पंजीकृत हैं।

## युवक ने खुद की गर्दन काटने की कोशिश की

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब के नशे में चाकू से अपनी गर्दन काटने की कोशिश की। परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हजियापुर निवासी इमरान ने शनिवार देर रात शराब के नशे में खुद की गर्दन पर चाकू से हमला कर लिया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि इमरान का शराब पीने को लेकर मां से विवाद हो गया था। जिसके बाद उसने आत्महत्या की कोशिश की।

# आमने-सामने टकराई कारें, छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष और माल बाबू घायल

- पीलीभीत रोड स्थित सतीपुर चौराहे पर रविवार सुबह हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के सतीपुर चौराहे के पास तेज रफ्तार दो कार आपस में आमने-सामने से टकरा गईं, जिसमें पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग सिंह उर्फ नीटू और सदर तहसील के बाबू भानु प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। किसी भी पक्ष से पुलिस में कोई शिकायत नहीं की गई है।

बरेली कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुराग सिंह उर्फ नीटू शनिवार रात अपने दोस्त की शादी समारोह में पीलीभीत बाईपास स्थित एक बारात घर में शामिल होने के लिए गए थे। वहां से वह रविवार सुबह कार से घर लौट रहे थे। वहीं इज्जतनगर क्षेत्र में राजीव एन्क्लेव निवासी सदर तहसील में तैनात बाबू भानु प्रताप सिंह अपनी कार से जा रहे थे। सतीपुर चौराहे पर अनुराग सिंह की कार स्कूटी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई और भानु प्रताप की कार से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नीटू का सिर स्टेयरिंग में लगा और वह कार का गेट खोलते ही रोड पर जा गिरे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई। मौके पर पहुंचे नीटू के परिजनों ने उन्हें रामपुर गार्डन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि भानु प्रताप सिंह को उनके दोस्तों ने सौ फुटा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।



कार का अगला हिस्सा पूरा टूट गया।

# आखिर 14 दिन बाद पुलिस ने लिखी चोरी की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर पुलिस ने आखिर 14 दिन बाद बुजुर्ग हरिमोहन चावला के बेटे आकाश की शिकायत पर ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हरिमोहन 18 फरवरी को ई रिक्शा चोरी होने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर काट रहे थे।



अमृत विचार में अपनी खबर पढ़ते हरिमोहन।

राजेन्द्र नगर निवासी हरिमोहन चावला के बेटे का ई-रिक्शा 18 फरवरी को सुबह 4.42 बजे घर के बाहर से चोरी हो गया था। चोर सीसीटीवी में कैद हो गए। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वह बेटे के साथ थाना प्रेमनगर गए, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तबसे वह रोज थाने के चक्कर काट रहे थे। एक मार्च को हरिमोहन ने अमृत विचार संवाददाता से थाना प्रेमनगर में अपनी पीड़ा बताई। खबर प्रकाशित होने पर अधिकारियों ने संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश थाना प्रेमनगर पुलिस को दिए। दो मार्च को ही आकाश चावला की शिकायत पर प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। उन्होंने अमृत विचार समाचार पत्र को धन्यवाद कहा।

# शिक्षिका की मौत के मामले में पति और सास को जेल भेजा

- पिता की शिकायत पर चार के खिलाफ रिपोर्ट
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग आई

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षिका की मौत के मामले में बारादरी पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने रविवार को पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शिक्षिका की मौत की वजह हैंगिंग बताई गई है।

बारादरी के अग्रसेन नगर निवासी हरीश कुमार गंगवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटी प्रिया एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी। उसकी शादी 29 नवंबर 2022 को पवन विहार निवासी संदीप रस्तोगी के बेटे शिवांशु रस्तोगी के साथ हुई थी। शादी में उन्होंने 25 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन प्रिया का पति शिवांशु, सास अंजली रस्तोगी, ससुर संदीप रस्तोगी और देवर वरुण इससे खुश नहीं थे। ये लोग 10 लाख रुपये और कार की मांग कर रहे थे। दो मार्च को रात साढ़े आठ बजे प्रिया ने मां मुन्नी देवी को फोन पर बताया कि यहां से ले जाओ, नहीं तो ये लोग मार देंगे।

रात 9.15 बजे शिवांशु रस्तोगी ने बताया कि वह प्रिया को अस्पताल ले जा रहा है। वहां पहुंचो। अस्पताल पहुंचने पर पत चला कि उनकी बेटी की मौत हो चुकी है। पिता ने बेटी के ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उनकी शिकायत पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ थर्ड अनीता चौहान ने बताया कि पति और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



आरोपी शिवांशु रस्तोगी।

## सार-संक्षेप

### उड़ान कार्निवल में बेबी शो रहा आकर्षण का केंद्र



**बरेली, अमृत विचार :** केसरपुर स्थित उड़ान इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को उड़ान कार्निवल का आयोजन हुआ। इसमें बेबी शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। बेबी क्विज, स्पून लेमन रेस, गुब्बारा फोड़ आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भाग लिया। विजयी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, प्रधानाचार्य अंजू राणा, शिक्षक आदि मौजूद रहे।

### मूकबधिर एसोसिएशन के साथ किया संवाद



**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित रविन्द्रालय सभागार में ट्रैफिक पुलिस ने मूकबधिर एसोसिएशन के सहयोग से संवाद कार्यशाला की। इसमें रवि कुमार ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मूकबधिर व्यक्तियों से संवाद करने के बारे में जानकारी दी। व्याख्याकर्ता तृप्ति ने मूकबधिर भाषा के संकेत सिखाए। एसपी ट्रैफिक शिवराज ने मूकबधिरों को यातायात और थाना पुलिस के पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया। कार्यशाला में मूक-बधिर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी, सिविल डिफेंस के अमित कुमार, यातायात पुलिस कर्मियों के साथ ही सभी थानों से उप निरीक्षक और हेड मोहर्रिर मौजूद रहे। आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी घुले सुशील चन्द्रभान के निर्देश पर कार्यशाला हुई।

# गौरवशाली इतिहास पढ़कर उन्नति के पथ पर बढ़ें युवा

- युवा सम्मेलन में बोले संघ के सह प्रांत कार्यवाह राजपाल, असीम उर्जा का केंद्र है युवा शक्ति
- मुख्य अतिथि रोहन ने कहा, गुड मॉर्निंग की जगह अब जय श्री राम बोल रहे हैं युवा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह राजपाल सिंह ने कहा कि युवा विश्व की सर्वश्रेष्ठ सनातन संस्कृति का अनुसरण करें। गौरवशाली इतिहास को पढ़ें और अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर उसे अपने जीवन में आत्मसात करते हुए उन्नति के पथ पर बढ़ें।

वह रविवार को जीआईसी स्थित स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित युवा सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। कहा कि युवा शक्ति असीम ऊर्जा का केंद्र है। युवाओं को भी ध्यान रखना होगा कि वह अनुशासित रहकर समाज की प्रगति में भागीदार बने, तभी विकास संभव है। संघ के विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत ने नाथ महोत्सव में शामिल होकर नया कीर्तिमान स्थापित करने की लोगों से अपील की। डॉ. बृजेश यादव ने कहा कि देश में राम राज्य स्थापित करना है तो हमें लक्ष्मण रूपी डंडा बनना पड़ेगा।

मुख्य अतिथि रोहन बंसल ने कहा कि ऊर्जावान युवा शक्ति के बीच आकर सामूहिक चर्चा से हमें भी शक्ति मिली है। बोले कि खुशी है कि अब युवा गुड मॉर्निंग की जगह जय श्री राम का उद्घोष कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि कार्तिक आनंद ने कहा कि युवा सनातन संस्कृति की ओर प्रेरित हो रहा है। अध्यक्षता करते हुए मनवीर सेठी ने कहा कि सकारात्मक सोच रखने वाले युवाओं के बीच हमें भी प्रेरणा मिली है। विभाग कार्यवाह मिथिलेश, विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र सचान, महानगर प्रचारक मयंक साधु, महानगर विद्यार्थी प्रचारक शेखर, प्रो. विनय ऋषिवाल, विवेक दुबे आदि मौजूद रहे।



युवा सम्मेलन में बोलते मुख्य वक्ता राजपाल सिंह। • अमृत विचार



राष्ट्रीय स्वयं संघ के सम्मेलन में मौजूद लोग। • अमृत विचार

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/ • B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर
WhatsApp पर करें
और घर वैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।
पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH
नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।
Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# आंवला में 1.33 करोड़ से होगा गेस्टहाउस का निर्माण

## सपा का चेयरमैन होने के बाद भी भाजपा ने विकास कार्यों के लिए खोला खजाना : आबिद अली

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** सपा के शासन में चेयरमैन रहते उन्हें आंवला के विकास के लिए जितना धन नहीं मिल सका, उतना विपक्ष में रहते हुए भाजपा सरकार ने उन्हें आंवला के विकास के लिए दिया। प्रदेश सरकार ने उनके कार्यकाल के मात्र 9 माह में करोड़ों के विकास के लिए धन दिया है। जिससे वह आंवला में विकास कार्य कराएंगे। नगर में एक करोड़ 33 लाख रुपये से एक गेस्टहाउस बनाया जाएगा। जिसके लिए सरकार ने धन जारी कर दिया है।

यह बातें नगरपालिका परिषद चेयरमैन सय्यद आबिद अली ने पालिका सभागार में आयोजित एक प्रेस वार्ता में अपने 9 माह के रिपोर्ट कार्ड पेश करने के दौरान कहीं। उन्होंने कहा पुरैना मंदिर कमेटी से जगह मांगेंगे। अनुमति मिलने के बाद जगह चिन्हित की जाएगी। चेयरमैन ने कहा कि प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं जनता तक पहुंचाई जाएंगी। वह कराए गए अथवा कराए जाने वाले विकास कार्यों को जनता को थोपना नहीं चाहते हैं। विकास कार्यों को लेकर नगरवासियों से सलाह लेकर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा वंदन योजना के तहत पुरैना सिद्ध मंदिर के समीप एक करोड़ 33 लाख रुपये से अतिथि गृह का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें विश्राम के लिए दो अटैच कमरे, हॉल, रसोई, पार्क, शौर्य ऊर्जा लाइटिंग, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था आदि सुविधाएं उपलब्ध होगीं। नगर में 5,62,70,500 रुपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए है। जिनमें मोहम्मदगंज गौंटिया में अंत्येष्टि स्थल के लिए 42,61,500 रुपये, वंदन योजना के अंतर्गत ऐतिहासिक पुरैना सिद्ध मंदिर के समीप विश्रामालय, पार्क, सोलर लाइट व अन्य कार्य 1,3300,000 रुपये, जल निकासी के अंतर्गत मोहल्ला अवादानपुर, मोहब्बत गंज गौंटिया, पुरैना, तहसील कार्यालय के समीप व अन्य जगह पर नाला निर्माण के लिए 99,72, 000 रुपये, मोहल्ला मिर्जापुर में तालाब का सौंदर्यीकरण 49,87,000 रुपये, तहसील मुख्यालय के समीप व रोडवेज पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण के लिए 20,00,000 रुपये, नगर में जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन के लिए (नगर पालिका के टेंडर जोन छोड़कर) 1,99,50,000 रुपये, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत सीसी रोड, नाली विजय के मकान के पास, मोहल्ला बेहटा जूनू, एवं सीसी रोड, नाली, अनेक पाल सिंह के मकान होते हुए रक्षपाल के मकान नगरिया सतन के लिए 18,00,000 रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

चेयरमैन ने बताया कि सरकार प्रति वर्ष 8 से 10 प्रतिशत कर अधिक वसूलने का लक्ष्य रखती है। बीते वित्त वर्ष में लक्ष्य पूर्ण न होने के कारण सरकार से मिलने वाली करीब ढाई करोड़ की धनराशि नहीं मिली है। जिससे पालिका को छति हुई है। पालिका की ओर से करीब पौने दो करोड़ के विकास कार्यों की कार्य योजना जिलाधिकारी को भेजी गई है। स्वीकृति मिलने पर और विकास कराए जाएंगे। इस दौरान रामवीर प्रजापति, जितेंद्र कुमार, राधेश्याम मौर्य, दिनेश मौर्य, मधुसूदन सिंह, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, अली मोहम्मद, परवेज वेग, प्रवीन कुमार सिंह उर्फ बिल्लू भैया, राजू प्रजापति आदि मौजूद रहे।



सभासदों के साथ चेयरमैन सय्यद आबिद अली। ● अमृत विचार

### पालिका पोर्टल के माध्यम से वसूलेगी कर

चेयरमैन ने बताया कि पालिका एक पोर्टल बनवा रही है। जिसके माध्यम से नगरवासी आसानी से घर बैठे भवन और जल कर जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि काफी संख्या में लोग अन्य शहरों में रहकर काम करते है। जिससे कर जमा नहीं कर पाते हैं। अब उनके मोबाइल पर एसएमएस जाया करेगा। ताकि वह कर जमा कर दें।

## एक नजर

### बाइकों की भिड़ंत में पति पत्नी समेत चार घायल

**बहेड़ी, अमृत विचार :** शीशगढ़ रोड पर गांव मानपुर के निकट दो बाइकों की भिड़ंत में पति –पत्नी समेत चगर लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। गांव चौड़ेरा निवासी सोमपाल और कीरत देव बाइक से शीशगढ़ के गांव बल्ली में एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। वे जैसे ही मानपुर के पास एक ईंट भट्ठे के निकट पहुंचे, सामने से बाइक से ही पत्नी के साथ आ रहे मीरगंज के गांव गोरा लोकनाथपुर निवासी पतविंदर सिंह की बाइक से भिड़ंत हो गई, जिससे चारों लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया।

### सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संदेश कन्नौजिया ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रविवार को दिए इस्तीफा में संदेश ने कहा कि अब तक उन्होंने पार्टी के नेताओं के साथ कार्य किया है, सभी से उन्हें काफी सीखने को मिला है। संदेश बिथरी चैनपुर ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुखी का चुनाव लड़ चुके हैं, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

### घर में घुसकर महिला और उसके बेटे को पीटा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव रुकुमपुर में रंजिश के चलते दस युवक एक घर में घुस गए और महिला से मारपीट की, और उससे छेड़छाड़ भी किया। शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी। पीड़िता का आरोप है कि 29 फरवरी की शाम वह घर में अकेली थी। तभी रंजिश के चलते गांव के ही दस युवक घर में आ धमके और गाली देने लगे और उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला और उसके बेटे ने विरोध किया तो दोनों को पीटा। महिला की शिकायत पर हलका दारोगा ने गांव पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जला

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** शार्ट सर्किट से घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की हैं।थाना क्षेत्र के गांव भौआ बाजार में मिथुन शर्मा के घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से रविवार को आग लग गई। आग से घर में रखे कपड़े नकदी और जरूरत का सामान जलकर राख हो गया। मिथुन शर्मा उनकी मां तीन बहनों के साथ मेहनत मजदूरी करके परिवार का गुजर बसर करते हैं, शार्ट सर्किट से सब जल गया।

### बाजार से बाइक बदलकर ले गया अज्ञात

**आंवला, अमृत विचार :** शराब की दुकान के समीप से अज्ञात व्यक्ति एक बाइक बदलकर ले गया। पीड़ित ने चोरी की पुलिस को शिकायत दी है। कसूमुरा गांव निवासी तुलाराम ने बताया कि वह शनिवार की शाम आंवला नगर आया था। रामनगर रोड स्थित शराब की दुकान के समीप उसने बाइक खड़ी की थी। वह अपना कार्य करके वापस लौटा तो उसकी बाइक नहीं थी। वहां एक बिना नंबर की बाइक खड़ी थी। जिसे वह घर ले आया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पांच दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर जनरेटर और बेल्डिंग मशीन चोरी कर लीं। मकान मालिक ने पुलिस को शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत के पांच दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बे के लाला रतनलाल वाली गली निवासी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि उसका दूसरा मकान काली धाम कॉलोनी में है। 26 फरवरी को चोरों ने मकान का ताला तोड़कर एक जनरेटर, दो बेल्डिंग मशीन और एक बैट्री चोरी कर ली।

# प्राथमिक विद्यालय रिठौरा के पूर्व अध्यक्ष का मिला शव

संवाददाता, रिठौर



- घर से पांच दिन पहले टुकटुक लेकर निकले थे नेतराम, झाड़ियों में मिला शव

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय रिठौरा के प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष मोहल्ला राजीव नगर के नेतराम कश्यप (55) टुक-टुक चलाकर परिवार चलाते थे। 28 फरवरी बुधवार को वह शाम पांच बजे बेटियों को बताकर डोहरा बाजार से मछली व्यापारियों को लेने घर से निकले थे। उनकी व्यापारियों से फोन पर जब बात हुई तो उन्हें 15-20 मिनट में बाजार पहुंचने की बात कही थी। बाद में उनका मोबाइल बंद हो गया।

वह बाजार नहीं पुहंचे और न अपने घर तो बेटियों को चिंता हुई, उन्होंने इसकी जानकारी पड़ोस में रह रहे अन्य परिजनों को दी। सभी उनकी खोज-बीन में जुटा गए, पता नहीं चलने पर इसकी सूचना रिठौरा पुलिस को दी। शनिवार को बेटियां रिश्तेदारों के साथ अधीक्षक के कार्यालय जा रहीं थीं। अचानक बेटी गुड्डी की नजर मांडल टाउन पुलिस चौकी पर खड़ी पिता की टुक-टुक पर पड़ी तो उसने यह जानकरी परिजनों को दी। पुलिस से जानकारी की तो पता लगा यह टुक-टुक ईंटपजाया चौराहा से लावारिश हालत में मिली है। उसकी चारों बैटरियां नहीं थीं। तब पुलिस ने जिला अस्पताल जाने को कहा वहां से अस्पताल पहुंचे और हुलिया बताया तो वहां से उन्हें मोर्चरी भेज दिया। वहां फोटो दिखाए गए तो बेटियों ने उसे अपने पिता के रूप में पहचान की। वहां से जानकारी मिली शव को इज्जतनगर पुलिस लाई थी। पुलिस के अनुसार नेतराम का शव कृष्णा ढाबा के पास झाड़ियों में मिला था, परिजनों के का आरोप है। हत्या कर उनकी टुक-टुक, मोबाइल एवं रुपये आदि लूट लिए गए। मृतक की चार बेटियां हैं। उसकी पत्नी की दस वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। एक बेटी की शादी हो चुकी है। घर में तारा (17) ज्योति (14), गुड्डी(12) ही रहती हैं।

# शिक्षक ने विद्यालय के नाम से बनाई फर्जी ईमेल आईडी, रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक नामचीन कॉलेज के अध्यापक ने विद्यालय की फर्जी ईमेल आईडी बनाकर, विद्यालय की असली ईमेल आईडी पर विद्यालय की प्रधानाचार्या व अन्य स्टॉफ पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जानकारी होने पर प्रधानाचार्या ने कैंट थाने में आरोपी शिक्षक के खिलाफ शनिवार देर रात रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट क्षेत्र में स्थित सेंट मारिया गोरेटी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सिस्टर सुनीता माओ ने बताया कि विद्यालय के ही शिक्षक हिमांशु सक्सेना ने विद्यालय के नाम से एक फर्जी ईमेल आईडी बनाकर विद्यालय की ही असली ईमेल आईडी पर 22 फरवरी को विद्यालय के अन्य स्टाफ और प्रधानाचार्या पर मेसेज करके गंभीर आरोप लगाए, विद्यालय को बदनाम करने की कोशिश की है। इतना ही नहीं प्रधानाचार्या को बारकोड और डीटीडीसी की मोहर लगा एक पत्र भी प्राप्त हुआ है। जो विद्यालय को बदनाम करने के उद्देश्य से भेजा गया है। प्रधानाचार्या ने आरोपी शिक्षक हिमांशु सक्सेना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# मधुमक्खियों के पराग से घुली किसानों की जिंदगी में मिठास

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- किसान शहद के साथ पराग भी बेच रहे
- बाजार में प्रति किलो पराग की कीमत दो हजार

**अमृत विचार :** मधुमक्खी पालन किसानों की जिंदगी में मिठास घोल रही है। किसान शहद के साथ पराग भी एकत्र कर बेच रहे हैं। बाजार में पराग की कीमत अधिक है। मधुमक्खी पालन में उद्यान विभाग अनुदान के माध्यम से किसानों की मदद कर रहा है।

हवाई अड्डा के पास रहने वाले किसान सारन सिंह मधुमक्खी पालन कर रहे हैं। उनके पास 300-400 बॉक्स हैं, जिनमें लाखों की संख्या में मधुमक्खियों का पालन किया जाता है। वह बताते हैं कि पराग को मधुमक्खी से लेने के लिए बॉक्स के आगे पोलेन ट्रैप नाम की जाली लगाई जाती है। जिसके छेद से निकलकर बॉक्स में जाते समय मधुमक्खी को पराग बाहर छोड़ना पड़ता है। इसे बाहर ही एकत्र किया जाता है। जिसे पेड़ों की छाया में सुखाकर बिक्री के लिए तैयार किया जाता है। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक बताते हैं कि मधुमक्खी पालन के लिए किसानों को अनुदान के रूप में बॉक्स दिए जाते हैं। पराग की खेती के लिए भी किसान पंजीकरण के लिए विभाग में आ रहे हैं। हालांकि, इनकी संख्या अभी 20-25 ही है। आईवीआरआई के बागवानी विशेषज्ञ डॉ. रंजीत सिंह ने बताया कि मधुमक्खी पालन में शहद के अलावा पराग की खेती को लेकर ट्रेंड चला है।

किसान सारन सिंह बताते हैं कि पराग तैयार करने में करीब छह माह लगता है। करीब दो क्विंटल पराग तैयार होता है। इन्हें एक-एक किलो के डिब्बे में पैक किया जाता है। बाजार में एक किलो पराग की कीमत करीब दो हजार है। खर्चा निकालकर दो लाख रुपये बच जाते हैं। पराग को शुगर, कैंसर, जोड़ों के दर्द समेत कई बीमारियों में देसी इलाज की तरह इस्तेमाल किया जाता है। पराग की बिक्री अक्टूबर से मई के बीच कई राज्यों में होती हैं।

### अखिलेश नरम हिंदुत्व की राह पर : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मुसलमानों के कंधों पर सवार होकर वोट बैंक की राजनीति करने वाली पार्टियां मुसलमानों को उनकी आबादी के हिसाब से लोकसभा में प्रत्याशी के तौर पर टिकट दें। पार्टियों की अनदेखी मुसलमान बर्दाश्त नहीं करेगा। अब मुसलमान सियासी और समाजी तौर पर जागरूक हो गया है। कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव इन बातों का ध्यान रखते थे। हर आबादी के हिसाब से चुनाव में टिकटों का वितरण करते थे, मगर जबसे नेतृत्व अखिलेश यादव करने लगे हैं, तब से सपा ने अपनी सोच में काफी हद तक बदलाव पैदा किया है। अखिलेश यादव नरम हिंदुत्व की लाइन पकड़ कर चल रहे हैं।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, चार लोगों पर रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार :** एक युवक से चार लोगों ने बेवजह गाली देते हुए मारपीट की, पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। सोनी पत्नी नाजिम निवासी मोहल्ला सूफी टोला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसी के मोहल्ले के चार लोग बिना किसी बात के गाली दे रहे थे। विरोध किया तो उन लोगों ने की मारपीट की, पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### महेश चंद्र बने स्पाइस सीनियर सेकेंड्री स्कूल के प्रबंधक

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के स्पाइस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रबंध समिति का चुनाव रविवार को विद्यालय परिसर में पर्यवेक्षक डॉ. सुभाष चंद्र मौर्य की निगरानी में हुआ। सभी सदस्यों की सहमति से एड. महेश चन्द्र गंगवार को पुनः प्रबंधक, राम मोहन गंगवार अध्यक्ष, धर्मपाल उप प्रबंधक, मुकेश कुमार उपाध्यक्ष, पुरुषोत्तम गंगवार कोषाध्यक्ष चुना गया, वहीं रामेश्वर दयाल, महेश्वर दयाल, प्रदीप कुमार, चंद्रपाल, गोपाल बहादुर, भवनेश कुमार, उमेश चंद्र सदस्य चुने गए। इस दौरान प्रधानाचार्य रनवीर सिंह, अरविंद कुमार सिंह पदेन सदस्य व अमित सक्सेना वरिष्ठ सहायक अध्यापक चुना गया। निर्वाचित कार्यकारिणी को बानेंद्र गंगवार, हरीश कुमार, सुधा गंगवार, अमर सूर्यवंशी आदि ने शुभकामनाएं दी।

# मुस्लिम समाज बच्चों को जरूर दिलाएं दीनी तालीम

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** दारुल उलूम फैजाने रजा के तत्वाधान में आयोजित तालीमी कॉन्फ्रेंस और जश्न ए दस्तारबंदी के अवसर पर उत्तराखंड से तशरीफ लाए हजरत मौलाना बिलाल रजवी ने कहा कि अपने समाज में सुधार करें।

मुसलमान अपने बच्चों को दीनी तालीम अवश्य दिलाए ताकि उनका जीवन संवर सके, अच्छे संस्कार दें, ताकि समाज उनसे प्रभावित हो इस्लाम दुनियावी तालीम देने को मना नहीं करता उसको भी दिलाइए अपने बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, फिलॉस्फर बनाइए इसमें कोई दिक्कत नहीं इससे ही समाज में तरक्की पैदा होगी। मगर दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम को कतई न छोड़े । इस तालीम के माध्यम से उसको पता चल सके भलाई का रास्ता क्या होता है अल्लाह और उसके प्यारे रसूल की बातें हमारे लिए कितनी अहम है यह सब दीनी तालीम में ही संभव है । इस अवसर पर संस्था प्रबंधक मौलाना एजाज रजवी, मौलाना फारुक नूरी, मौलाना तौफीक नूरी, मौलाना मकसूद रजवी, कारी हामिद अली,ने भी विचार रखे और मदरसे का सालाना रिपोर्ट कार्ड पढ़ा गया। छह छात्रों को हिफ़्ज़ की दस्तार कर आमने शरीफ बांधे गए और उनको डिग्री दी गई । शायरे इस्लाम हाजी नइम वारसी,आकिब रजा फैजानी, अताउलमुस्तफा फारुकी, मौलाना सद्दाम हुसैन, मौलाना इरफान रजा मंजरी ने नातिया कलाम पेश कर खूब वाहवाही लूटी।

# जल जीवन मिशन के पाइप चोरी

**भमोरा, अमृत विचार :** जल मिशन के तहत बिछाई जा रही पाइप लाइन के पाइप लगातार चोरी हो रही हैं, तहरीर के बाद भी पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। ग्राम आलमपुर जाफराबाद निवासी सचिन शर्मा ने बताया वह जल जीवन मिशन के तहत ग्रामनाथ गोटिया व प्रेम राजपुर में पानी की पाइपलाइन बिछवा रहा है। 2 फरवरी की रात चोरों ने 68 पाइप चोरी किए गए थे। उसने तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी न ही चोरों का पता लगाया, इससे चोरों के हौसले बुलंद हो गए। शनिवार शाम लगभग 35 पाइप जॉइंट करा कर नाथ गोटिया मणी के पास विछवा दिए थे बारिश के चलते चौकीदार भी घर चला गया था। सुबह पहुंचे तो देखा 21 पाइप कीमत लगभग 2 लाख रुपये चोर काट कर चोरी कर ले गए । उसने फिर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### कृति कलम बरेली की खंड चार किताब का विमोचन



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब और शब्दांगन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रोटरी भवन में पत्रकार निर्भय सक्सेना की कृति कलम बरेली की खंड चार किताब का विमोचन हुआ। अध्यक्षता साहित्यकार आचार्य देवेन्द्र देव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत गीतकार रमेश गौतम, डॉ. पवन सक्सेना, आचार्य देवेन्द्र देव, क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, डॉ सुरेश रस्तोगी, निर्भय सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। डा. अतुल वर्मा, रमेश गौतम, इंद्र देव त्रिवेदी, अशोक वैश्य, वीरेंद्र अटल, डॉ. कविता अरोरा, मुकेश सक्सेना, अनिल सक्सेना, जितेन्द्र सक्सेना मौजूद रहे।

### मुकदमे की पैरवी न करने की दी धमकी

**आंवला, अमृत विचार :** एक दुकान पर काम करने वाले व्यक्ति ने एक युवक पर पूर्व में चल रहे मुकदमे की पैरवी न करने की धमकी देने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला पक्का कटरा किसान टोला निवासी लालता प्रसाद उर्फ बंटी ने बताया कि वह पक्का कटरा में उमेश चंद्र अग्रवाल की दुकान पर काम करता है। शुक्रवार शाम वह दुकान का सामान लेने जा रहा था। इसी बीच पक्का कटरा मस्जिद के सामने बाबू उर्फ अर्षित दीक्षित ने उसे रोक लिया।

# बेदखली के बाद पुनः कब्जा करने पर तीन भाइयों पर रिपोर्ट

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** ग्राम समाज की भूमि से तहसील प्रशासन की ओर से बेदखल करने के बाद भी दबंगों ने पुनः कब्जा कर लिया। एसडीएम सदर के आदेश पर लेखपाल ने तीनों कब्जेदारों के खिलाफ भोजीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव अलीनगर निवासी मुजफ्फर खां, शहरयार खां और छोटे खां ने ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण कर लिया था। 29 अगस्त 2023 को तहसील सदर प्रशासन और भोजीपुरा पुलिस ने कब्जेदारों से भूमि को मुक्त कराया था। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार इन कब्जेदारों के खिलाफ वर्ष 2011 में 122 बी कार्रवाई भी हुई थी, जिसमें उस समय भी तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जा हटवाया था। बार-बार कब्जा करने का मामला सामने आया तो क्षेत्रीय लेखपाल विपिन पटेल ने जांच के आख्या एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव को सौंपी। एसडीएम सदर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भोजीपुरा प्रभारी निरीक्षक को कब्जेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। एसडीएम के आदेश पर भोजीपुरा पुलिस ने लेखपाल विपिन पटेल की ओर से मुजफ्फर खां, शहरयार खां व छोटे खां निवासी अलीनगर थाना भोजीपुरा के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### घर पर प्रसव के बाद नवजात और महिला की मौत

**आंवला, अमृत विचार :** प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। प्रसूता की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी भी मौत हो गई। मां- बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। चकरपुर गांव निवासी लीलाधर ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे उसकी पत्नी भगवान देई (35) ने घर पर ही एक बेटे को जन्म दिया था। जन्म लेते है बेटे की मौत हो गई। देर रात उसकी पत्नी की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल में पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों से पोस्टमार्टम कराने को कहा, लेकिन घर वाले तैयार नहीं थे, मृतका के पांच बच्चे हैं।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा



**दुनका, अमृत विचार :** सहोड़ा में सात दिवसीय भागवत कथा से पहले कस्बे में कलश यात्रा निकाली गई। 61 महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर देवस्थान से भाखड़ा नदी सिहौर घाट तक कलश लेकर जल लेने गई। हरदोई से आए कथा वाचक मनोज आचार्य ने भाखड़ा नदी पर पूजन कर विधि विधान से कलश में देवताओं का आवाहन कर जल भरा । कलश यात्रा में परीक्षित बने कमल रस्तोगी और सहायक सुभाष, चंद्र सक्सेना, देवकी, पार्वती, मोहिनी, गंगा देवी, लक्ष्मी देवी चमेली, नत्थो देवी, राधा शिवानी, शकुंतला देवी समेत अन्य शामिल रहे।

### दहेज के लिए महिला को दी जान से मारने की धमकी

**मीरगंज, अमृत विचार :** ससुरालियों ने कम दहेज मिलने पर विवाहिता को बुरी तरह पीटकर घर से निकाल दिया, उसे धमकी दी कि दो लाख रुपये लेकर नहीं आई तो तुझे जान से मार देंगे। मायके वालों के समझाने के बाद भी वह लोग नहीं माने तो परेशान होकर पीड़िता ने उन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता शबाना ने बताया कि उसका विवाह सात वर्ष पूर्व बड़ा गांव थाना मिलक के छोटे के साथ हुई थी । शुरू से ही ससुराली उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। कई बार उसे पीटकर घर से बाहर कर दिया था। लेकिन उसके पिता ने उसे समझाकर ससुराल भेज दिया। पिछले दिनों ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके ससुर की उस पर बुरी नजर रहती है, इसलिए उसे प्रताड़ित करता है, उसकी तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### शादी से इन्कार करने पर प्रेमी को भेजा जेल



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले युवक पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद गिरफ्तार करके कोर्ट कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पीड़िता ने अपनी दी हुई तहरीर में बताया कि तीन वर्षों से राजेश उर्फ विकास पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम जमुनिया जागीर थाना शेरगढ़ के साथ वह लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। जब उससे शादी करने को कहा तो वह टाल मटोल करता रहा।अब उसने दूसरे से शादी कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पीड़िता के मेडिकल और बयान के आधार पर रिपोर्ट दर्ज आरोपी राजेश उर्फ विकास को शाही तिराहा कस्बा फतेहगंज पश्चिमी से गिरफ्तार कर। न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### दहेज में कार और चार लाख नकदी मांगी, रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार :** ससुरालियों ने विवाहिता को शादी के बाद अतिरिक्त दहेज में कार और चार लाख रुपये के लिए प्रताड़ित किया, उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। शीशगढ़ के मोहल्ला साहूकारा निवासी लवली रस्तोगी ने बताया उसकी शादी एक साल पहले मोहल्ला होली चौराहा बहेड़ी के साथ हुई थी। ससुराली दहेज से नाखुश थे। आए दिन चार पहिया गाड़ी और चार लाख रुपये के लिए उसे प्रताड़ित करते थे। विगत दिनों उससे मारपीट की, अब उसके भाई को फोन करके धमकियां दे रहे हैं। कई बार पंचायत भी हो चुकी है। लेकिन वे लोग नहीं मान रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना शीशगढ़ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर राजू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, और गीता के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एसडीएम और सीओ ने बूथ स्थलों का किया निरीक्षण



**आंवला, अमृत विचार :** एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य और सीओ नीलेश मिश्र ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्थलों और फोर्स रुकने के स्थानों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथ स्थलों का निरीक्षण किया गया। साथ ही आसपास रहने वाले लोगों से वार्ता की। उनसे कहा गया कि वह बेखौफ होकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी को वोट दें। यदि कोई वोट देने के लिए प्रलोभन दे अथवा दबाव बनाए तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने बताया कि मनौना, कसूमुरा, ढिलबारी, फुंदननगर आदि स्थानों का निरीक्षण किया। फोर्स के लिए नगर के मोहल्ला ताडगंज स्थित रैन बसेरा में व्यवस्था परखीं।

### महिला पंचायत सहायक से दबंगों ने की मारपीट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गांव स्तर पर चलाई जा रही केंद्र सरकार की एग्री स्टैक योजना का काम करा रही एक महिला पंचायत सहायक से दबंगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर पंचायत सहायक व उसके भाई के साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पंचायत सहायक सोनाली ने बताया कि शनिवार को वे ग्राम पंचायत सीकरी के मजरा अकबराबाद में एग्री स्टैक योजना के तहत काम करा रही थी। उसी दौरान गांव के ही अंकित, सूरज, अमर और अखिलेश शाम के करीब चार बजे वहां पहुंचे और गाली देने लगे। विरोध करने पर सब ने एक राय होकर उससे मारपीट की। पीड़िता ने सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाने, मारपीट कर धमकाने और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### एजेंसी संचालक ने धोखे से दी पुराने मॉडल की स्कूटी

**देवरनियां, अमृत विचार :** एक एजेंसी संचालक ने धोखे से ग्राहक को पुराने मॉडल की स्कूटी दे दी, पीड़ित ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। देवरनियां निवासी अकील अहमद का आरोप है कि उसने बेटी की शादी में देने के लिए एक स्कूटी एक एजेंसी से खरीदी थी, एजेंसी संचालक ने उसे धोखे से 2021 मॉडल की स्कूटी दे दी, जिसकी मार्केट वैल्यू कम है। आरोप है कि जब उसने एजेंसी संचालक से शिकायत की तो उल्टा उसे धमकाया। पीड़ित की तहरीर तो पुलिस ने ले ली है,मगर अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस जांच की बात कह रही है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा का कहना है कि जांच की जा रही है। पीड़ित का कहना है कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह उपभोक्ता फोरम में जाएगा। एजेन्सी मालिक शाहिद अहमद ने बताया कि मुझ पर लगाए गए आरोप गलत है, मैंने स्कूटी नई दी है । किसी को गाली दी है न ही धमकाया है ।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



**भमोरा, अमृत विचार :** बल्लिया निवासी समाजसेवी सोनी बुआ के आवास पर 9 दिवसीय भागवत कथा कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई। कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ बल्लिया होते हुए रामगंगा के किनारे ग्राम फिरोजपुर के मुड़किया घाट से जल भरकर कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। पंडित संजीव महाराज 9 दिन तक श्रद्धालुओं को विविध प्रसंग सुनाएंगे। इस मौके पर सोनी बुआ ,पंडित गोविंद शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

